निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-1) / पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) / अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्य को जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करने हेतु झारखण्ड सरकार / भारत सरकार द्वारा इससे संबंधित मार्ग-दर्शन को परिचारित करते हुए उसमें अंतर्निहित प्रक्रिया एवं शर्तों का अनुपालन करने हेतु समय-समय पर अनुदेश दिया जाता रहा है। साथ ही इन प्रमाण-पत्रों को निर्गत करने हेतु प्रमाण-पत्र का प्रपत्र भी परिचारित किया जाता रहा है।

वर्त्तमान में परिपत्र सं0-1754, दिनांक-25.02.2019 द्वारा जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में अद्यतन समेकित निदेश तथा जाति प्रमाण पत्र के मानक प्रपत्र तथा प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र का भी मानक प्रपत्र जारी किया गया है।

परिपत्र सं0-1754, दिनांक-25.02.2019 के साथ संलग्न प्रपत्र में कतिपय सुधार करने के सुझाव विभिन्न स्तरों से प्राप्त हो रहे थे। फलस्वरूप जाति प्रमाण पत्र के प्रपत्र में संशोधन करने का प्रस्ताव सरकार के समक्ष विचाराधीन था।

अतः सम्यक् विचारोपरान्त राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए भारत सरकार द्वारा विहित जाति प्रमाण-पत्र का प्रपत्र परिपत्र सं0-1754, दिनांक-25.02.2019 के साथ संलग्न प्रपत्र-V को यथा स्थिति (हुबहु) झारखण्ड सरकार द्वारा भी अंगीकृत किए जाने का निर्णय लिया गया है। तदनुसार परिपत्र

सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 द्वारा परिचारित प्रपत्र 1A तथा IV का संशोधित प्रपत्र का प्रारूप संलग्न है।

विभागीय परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 को इस हद तक संशोधित समझा जाएगा।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

3.3.22

(वंदना दादेल)

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांकः–14 / आ0नी0–04–02 / 2022 का0 ....1361..... / राँची, दिनांक–03/03/2022

प्रतिलिपिः–राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, झारखण्ड, राँची से अनुरोध है कि जाति प्रमाण पत्र के प्रपत्र के साफ्टवेयर में तदनुसार वांछित संशोधन करने की कृपा की जाय।

3.3.22

सरकार के प्रधान सचिव।

प्रपत्र - I(A)
संशोधित

आवेदन का प्रपत्र

(अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण–पत्र हेतु)

1	आवेदक/आवेदिका का नाम :–		
2	आधार संख्या (यदि हो तो) :–		
3	मोबाईल नं० (यदि हो तो) :–		
4	जन्म तिथि :–	5 लिंग	पुरूष( ) महिला ( ) ट्रांसजेंडर ( )
6	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (उल्लेख करें) :–	7. उपजाति :–	
8	आवासीय पता :–		
(क)	स्थाई पता :– गाँव/मुहल्ला .... प्रखण्ड .... डाकघर .... थाना .... अनुमण्डल .... जिला .... पिन .... राज्य		
(ख)	वर्त्तमान पता :– गाँव/मुहल्ला .... प्रखण्ड .... डाकघर .... थाना .... अनुमण्डल .... जिला .... पिन .... राज्य		
9	पिता का नाम :–		
10	पिता की जाति :–		
11	माता का नाम :–		
12	केन्द्र की सूची में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का क्रमांक एवं संकल्प संख्या (केन्द्र सरकार के प्रयोजनार्थ प्रमाण पत्र हेतु)	क्रमांक–........ संकल्प सं0–........	
13	झारखण्ड राज्य की सूची में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का क्रमांक एवं संकल्प संख्या (राज्य सरकार के प्रयोजनार्थ प्रमाण पत्र हेतु)	क्रमांक–........ संकल्प सं0–........	
14	आव्रजित श्रेणी के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के मामले में मूल राज्य की सूची में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का क्रमांक एवं संकल्प संख्या	क्रमांक–........ संकल्प सं0–........	
15	आव्रजित श्रेणी के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के मामले में पैतृक राज्य के द्वारा पिता को निर्गत प्रमाण पत्र संख्या :– प्रमाण पत्र निर्गत करनेवाले पदाधिकारी का पदनाम :–		

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण मेरी जानकारी में सत्य है। अगर सूचना गलत पायी जाती है तो इसके आलोक में प्राप्त जाति प्रमाण पत्र के आधार पर प्राप्त मेरा नियोजन/नामांकन/आरक्षण से प्राप्त अन्य सुविधाओं को रद्द करते हुए धारा 193 भा०द०वि० एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जा सकती है।

पिता/माता का हस्ताक्षर
(पिता/माता का नाम :–........)
(आवेदक के अवयस्क रहने की स्थिति में)

आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर

नोट :–

1. आवेदक की जाति वही मानी जाएगी जो उसके पिता की जाति है।
2. आवेदक के अवयस्क होने की दशा में आवेदन उनके माता/पिता के द्वारा समर्पित किया जा सकेगा।
3. इस प्रपत्र का प्रयोग अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के राज्य/केन्द्र प्रयोजनार्थ सहित आव्रजित श्रेणी के प्रमाण पत्र हेतु किया जा सकेगा।

प्रपत्र - IV

Amended

FORM OF CASTE CERTIFICATE TO BE ISSUED TO PERSONS BELONGING TO A SCHEDULED CASTE OR SCHEDULED TRIBES APPLYING FOR APPOINTMENT TO POSTS/ADMISSION UNDER THE GOVERNMENT OF JHARKHAND

This is to certify that Shri/Smt./Kumari .... Son/ Daughter of Shri/Smt. .... of Village/ Town ....District/ Division*.....................................of the State/Union Territory ....belongs to the .... Caste/Tribe which is recognized as Scheduled Caste/Scheduled Tribe under :

*The Constitution (Scheduled Caste) Order, 1950

*The Constitution (Scheduled Tribe) Order, 1950

*The Constitution (Scheduled Caste) (Union Territories) Order, 1951

*The Constitution (Scheduled Tribe) (Union Territories) Order, 1951

[As amended by the Scheduled Castes and Scheduled Tribes lists (Modification) Order, 1956, the Bombay Re-organization Act, 1960, the Punjab Re-organization Act, 1966, the State of Himachal Pradesh Act, 1971 and the North Eastern Areas (Reorganization) Act. 1976]

*The Constitution (Jammu and Kashmir) Scheduled Castes Order, 1956.

*The Constitution (Andaman and Nicobar Islands) Scheduled Tribes Order, 1959, as amended by the Scheduled Castes ans Scheduled Tribes Order (Amendment) Act, 1976

*The Constitution (Dadra and Nagar Haveli) Scheduled Castes Order, 1962

*The Constitution (Dadra and Nagar Haveli) Scheduled Tribes Order, 1962

*The Constitution (Pondicherry) Scheduled Castes Order, 1964.

*The Constitution (Scheduled Tribes) (Uttar Pradesh) Order, 1967.

*The Constitution (Goa, Daman and Diu) Scheduled Castes Order, 1968

*The Constitution (Goa, Daman and Diu) Scheduled Tribes Order, 1968

*The Constitution (Nagaland) Scheduled Tribes Order, 1970

*The Constitution (Sikkim) Scheduled Castes Order, 1978

*The Constitution (Sikkim) Scheduled Tribes Order, 1978

*The Constitution (Jammu & Kashmir) Scheduled Tribes Order, 1989

* The Constitution (SC) Orders (Amendment) Act, 1990.

* The Constitution (ST) Orders (Amendment) Ordinance Act, 1991.

* The Constitution (ST) Orders (Amendment) Ordinance Act, 1996.

* The Constitution (Scheduled Castes) Orders (Amendment) Act, 2002.

* The Constitution (Scheduled Castes) Orders (Second Amendment) Act, 2002.

* The Scheduled Castes and Scheduled Tribes orders (Amendment) Act, 2002:

2. Shri/Smt./Kumari* and/or* his/her* family ordinarily reside (s) in Village/Town* ....District/Division* of the State/Union Territory* of ....

3. This certificate is valid till further orders or till any change made in Central Caste list under SC/ST category for Jharkhand.

Note :

(a) The term 'ordinarily reside' (s) used here will have the same meaning as in Section 20 of the Representation of the People Act, 1950.

(b) The authorities competent to issue the caste certificate are indicated below:

(i) District Magistrate/Additional Magistrate/Collector/Additional Deputy Commissioner /Deputy Collector/1st Class Stipendiary Magistrate/Sub-Divisional Magistrate /Taluka Magistrate/Executive Magistrate/Extra Assistant Commissioner (not below the rank of 1st Class Stipendiary Magistrate)

(ii) Chief Presidency Magistrate/Additional Chief Presidency Magistrate/Presidency Magistrate.

(iii) Revenue Officer not below the rank of Tahsildar.

(iv) Sub Divisional Officer of the area where the candidate and/or his family resides.

Signature...

Designation ....

Place........................ (with seal of office)

Date.........................

प्रपत्र–4

संशोधित

झारखंड सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति/दाखिला हेतु आवेदन करने के लिये अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को जाति प्रमाण–पत्र जारी किये जाने का फारम

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ...., पिता .... ग्राम/नगर ...., जिला/प्रमंडल ...., राज्य/संघशासित प्रदेश ...., निम्नलिखित के अधीन यथा मान्यताप्राप्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अधीन .... जाति/जनजाति के सदस्य हैं:–

* संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950

* संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950

* संविधान (अनुसूचित जाति) (संघशासित प्रदेश) आदेश, 1951

* संविधान (अनुसूचित जनजाति) (संघ शासित प्रदेश) आदेश, 1951

(अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की सूची (संशोधन) आदेश, 1956, बॉम्बे पुनर्गठन अधिनियम, 1960, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश अधिनियम, 1971 और उत्तर पूर्वी क्षेत्रों (पुनर्गठन) अधिनियम 1976 द्वारा यथासंशोधित)

* संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956

* संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जनजाति आदेश, अनुसूचित जनजाति आदेश अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा अनुसूचित जनजाति आदेश, 1959 द्वारा यथासंशोधित

* संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962

* संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1962

* संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964

* संविधान (अनुसूचित जनजाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967

* संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968

* संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1968

* संविधान (नागालैंड) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1970

* संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978

* संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1978

* संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1989

* संविधान (एससी) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1990

* संविधान (एसटी) आदेश (संशोधन) अध्यादेश अधिनियम, 1991

* संविधान (एसटी) आदेश (संशोधन) अध्यादेश अधिनियम, 1996

* संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2002

* संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 2002

* अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2002

2. श्री/श्रीमती/कुमारी .... तथा/अथवा उनका परिवार सामान्य रूप से .... राज्य/संघशासित प्रदेश के ग्राम/नगर .... जिला/प्रमंडल .... में निवास करते हैं।

3. यह प्रमाण पत्र अगले आदेश तक या झारखंड राज्य के अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति की सूची में कोई परिवर्तन होने तक वैध होगा।

टिप्पणी :

क. यहाँ प्रयुक्त पद 'साधारणतया निवासी' का वही अर्थ होगा, जो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 20 में है।

ख. जाति प्रमाणपत्र जारी करने के लिये सक्षम प्राधिकारियों की सूची निम्नवत् निर्दिष्ट है :

i) जिला दंडाधिकारी/अपर दंडाधिकारी/उपायुक्त/अपर उपायुक्त/अपर समाहर्ता/प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी/अनुमंडल दंडाधिकारी/तालुका दंडाधिकारी/कार्यपालक दंडाधिकारी/अतिरिक्त सहायक आयुक्त (प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी के पद से अन्यून)

ii) मुख्य प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी/अपर प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी/प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी।

iii) राजस्व पदाधिकारी, जो तहसीलदार के पद से अन्यून होगा।

iv) उस क्षेत्र के अनुमंडल पदाधिकारी जहाँ अभ्यर्थी और/अथवा उसका परिवार रहता है।

स्थान ....

तिथि ....

हस्ताक्षर ....

पदनाम ....

कार्यालय के सील सहित

पत्रांक–14 / आ0नी0–04–09 / 2021का0........1015........

झारखण्ड सरकार

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

वंदना दादेल,
सरकार के प्रधान सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव,
सभी प्रधान सचिव / सचिव
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त।
सभी उपायुक्त
सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।
सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची।
परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, राँची।

दिनांक– 22/02/2022

विषय :– जाति प्रमाण–पत्र ऑनलाईन के साथ–साथ ऑफलाईन निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) / पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) / अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्य को जाति प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु झारखण्ड सरकार / भारत सरकार द्वारा इससे संबंधित मार्ग–दर्शन को परिचारित करते हुए उसमें अंतर्निहित प्रक्रिया एवं शर्तों का अनुपालन करने हेतु समय–समय पर अनुदेश दिया जाता रहा है। साथ ही इन प्रमाण–पत्रों को निर्गत करने हेतु प्रमाण–पत्र का प्रपत्र भी परिचारित किया जाता रहा है।

विभागीय परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 की विभिन्न कंडिकाओं, यथा–2, 3, 4, 10 में आवेदन ऑनलाइन समर्पित करने तथा जाति प्रमाण पत्र ऑनलाइन निर्गत करने के संबंध में प्रावधान निरूपित है। प्रमाण–पत्र ऑनलाइन निर्गत करने का बंधेज होने के कारण जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में कतिपय समस्याएँ, यथा–दूर–दराज क्षेत्रों में पावर कट, लिंक फेल आदि उत्पन्न होती है। फलस्वरुप जाति प्रमाण–पत्र ऑनलाईन के साथ–साथ ऑफलाईन निर्गत करने का मामला सरकार के समक्ष विचाराधीन था।

सम्यक् विचारोपरान्त सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में विभागीय परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 द्वारा निरूपित प्रावधान के साथ–साथ ऑफलाईन आवेदन समर्पित करने तथा ऑफलाईन जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का भी उपबंध समावेशित किया जाता है।

विभागीय परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

विश्वासभाजन

21-2-22
(वंदना दादेल)
सरकार के प्रधान सचिव।

पत्रांक–14/जा0नि0–03–06/2019 का0 2448

झारखण्ड सरकार

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

अजय कुमार सिंह,
सरकार के प्रधान सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/उपायुक्त,
सभी अनुमंडल पदाधिकारी/सभी अंचलाधिकारी
सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।
सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची।
परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, राँची।

दिनांक– 18/05/2020

विषय :– जाति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 द्वारा जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में अद्यतन अनुदेश एवं प्रपत्र जारी किये गये हैं। उक्त परिपत्र के प्रपत्र–15 की कंडिका 3 एवं 4 में उल्लिखित प्रावधान को निम्नवत् संशोधित किया जाता है :–

प्रपत्र 15 में वर्तमान प्रावधान	संशोधित प्रावधान
3. मैं यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि विगत तीन वित्तीय वर्ष के दौरान मैं आठ (8) लाख रुपये से कम वार्षिक आय होने के कारण क्रीमीलेयर में नहीं आता/आती हूँ।	3. मैं यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि विगत तीन वित्तीय वर्ष के दौरान मेरे माता–पिता की वार्षिक आय आठ (8) लाख रुपये से कम होने के कारण मैं क्रीमीलेयर में नहीं आता/आती हूँ।
4. मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मैं दिनांक 08.09.1993 एवं 13.09.2017 के उपर्युक्त संदर्भित कार्यालय ज्ञापन की अनुसूची के कॉलम–3 में उल्लिखित व्यक्तियों/वर्गों (सम्पन्न वर्ग) से संबंधित नहीं हूँ।	4. मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे माता–पिता दिनांक 08.09.1993 एवं 13.09.2017 के उपर्युक्त संदर्भित कार्यालय ज्ञापन की अनुसूची के कॉलम–3 में उल्लिखित व्यक्तियों/वर्गों (सम्पन्न वर्ग) से संबंधित नहीं हैं।
	5. मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि यदि भविष्य में मेरी उपर्युक्त स्व–घोषणा गलत पाई जाती है तो इसके आलोक में प्राप्त आरक्षण एवं अन्य आनुषंगिक सुविधाओं को रद्द करते हुए धारा 193 भा0द0वि0 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मेरे विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

साथ ही विभागीय पत्रांक–1754, दिनांक–25.02.2019 की कंडिका 13(i) में उल्लिखित शर्तों के आलोक में विभागीय पत्रांक–6878, दिनांक–30.08.2019 के द्वारा

परिचारित शपथ–पत्र के आदर्श प्रारूप की कंडिका–5 को निम्नवत् परिवर्द्धित किया जाता है :–

वर्तमान स्थिति	परिवर्द्धन
5. मैं एतद् द्वारा शपथ पूर्वक यह घोषित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त सूचनाएँ मेरी जानकारी में पूर्णतः सही एवं सत्य हैं।	5. मैं एतद् द्वारा शपथ पूर्वक यह घोषित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त सूचनाएँ मेरी जानकारी में पूर्णतः सही एवं सत्य हैं। भविष्य में मुझे निर्गत प्रमाण पत्र गलत पाये जाने की स्थिति में इसे मेरे द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति/पिछड़ा वर्ग को संविधान प्रदत्त अधिकार/सुविधा को हरण करने का कपटपूर्ण कार्य समझा जाएगा तथा इसके लिए मेरे विरूद्ध आपराधिक षड़यन्त्र का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी तथा उक्त प्रमाण पत्र के आधार पर प्राप्त नियोजन अथवा आरक्षण के अन्य लाभ से मुझे वंचित किया जा सकेगा।

तदनुसार क्रीमीलेयर रहित होने सम्बन्धी स्व–घोषणा पत्र (प्रपत्र XV) तथा जाति निर्धारण हेतु स्थानीय जाँच हेतु शपथ पत्र का आदर्श प्रारूप का संशोधित संस्करण संलग्न है।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन

18/5/20

(अजय कुमार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञापांक–14/जा0नि0–03–06/2019 का0 2448/ राँची, दिनांक– 18/05/2020

प्रतिलिपिः– राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, एन0आई0सी0, राँची को जाति प्रमाण–पत्र निर्गत करने सम्बन्धी साफ्टवेयर में तदनुसार वांछित संशोधन करने हेतु प्रेषित।

18/5/20

सरकार के प्रधान सचिव।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 के आलोक में जाति निर्धारण हेतु स्थानीय जांच हेतु शपथ पत्र का आदर्श प्रारुप

(नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ पत्र के रूप में)

1. मैं .... पिता श्री.. वर्तमान में ग्राम/ शहर......................................., पोस्ट.............................. थाना......................... प्रखण्ड...अनुमंडल.................................... जिला......................... राज्य....................................... में निवास करता/करती हूँ।

2. मैं/मेरे पूर्वज वर्ष .... से ग्राम/ शहर.., पोस्ट.......... ...., थाना................................, प्रखण्ड.., अनुमंडल.......... ...., जिला... राज्य................................. में स्थायी रुप से निवासित रहे है।

3. मेरे पिता की जाति .... है, जो झारखण्ड राज्य की अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग(अनुसूची–1)/पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) अथवा झारखण्ड राज्य के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में दर्ज है।

4. मुझे कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 की कंडिका–13 के आलोक में स्थानीय जाँच के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, क्योंकि:–

(क) मैं/मेरे पूर्वज के पास भू–अभिलेख/रेकर्ड ऑफ राइट्स/भूमि निबंधन कागजात नहीं है।

(ख) मैं/मेरे पूर्वज के भू–अभिलेख/रेकर्ड ऑफ राइट्स/भूमि निबंधन कागजात में अंकित जाति में संशय की स्थिति है।

(ग) मैं/मेरे पूर्वज भूमिहीन हैं।

(जो लागू न हों, उसे काट दिया जाय।)

5. मैं एतद् द्वारा शपथ पूर्वक यह घोषित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त सूचनाएँ मेरी जानकारी में पूर्णतः सही एवं सत्य हैं। भविष्य में मुझे निर्गत प्रमाण पत्र गलत पाये जाने की स्थिति में इसे मेरे द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति/पिछड़ा वर्ग को संविधान प्रदत्त अधिकार/सुविधा को हरण करने का कपटपूर्ण कार्य समझा जाएगा तथा इसके लिए मेरे विरूद्ध आपराधिक षड़यन्त्र का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी तथा उक्त प्रमाण पत्र के आधार पर प्राप्त नियोजन अथवा आरक्षण के अन्य लाभ से मुझे वंचित किया जा सकेगा।

शपथकर्ता का हस्ताक्षर

प्रपत्र–XV

क्रीमीलेयर रहित होने संबंधी स्व–घोषणा पत्र

(यह आवेदक/आवेदिका द्वारा पूर्व निर्गत क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र के साथ समर्पित किया जाएगा)

मैं.. पिता ....

पति/पत्नी.. निवासी, ग्राम/कस्बा/शहर...

.... पोस्ट... थाना..

अंचल ....जिला.. राज्य...

एतद् द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि मैं .... समुदाय का/की हूँ जो कि कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय (कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग), भारत सरकार, नई दिल्ली के दिनांक 08.09.1993 के कार्यालय ज्ञापन संख्या–360112/22/93 स्था0 (एस0सी0टी0)/झारखण्ड राज्य के संकल्प सं0................, दिनांक.............. में निहित आदेश के अनुसार नियोजन/नामांकन में आरक्षण के प्रयोजन से भारत सरकार/झारखण्ड सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–I)/पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–II) के रूप में मान्य है।

2. यह कि मुझे झारखण्ड राज्य के जिला ...., अंचल .... के द्वारा क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र संख्या– .... दिनांक .... निर्गत है।

3. मैं यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि विगत तीन वित्तीय वर्ष के दौरान मेरे माता–पिता की वार्षिक आय आठ (8) लाख रुपये से कम होने के कारण मैं क्रीमीलेयर में नहीं आता/आती हूँ।

4. मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे माता–पिता दिनांक 08.09.1993 एवं 13.09.2017 के उपर्युक्त संदर्भित कार्यालय ज्ञापन की अनुसूची के कॉलम–3 में उल्लिखित व्यक्तियों/वर्गों (सम्पन्न वर्ग) से संबंधित नहीं हैं।

5. मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि यदि भविष्य में मेरी उपर्युक्त स्व–घोषणा गलत पाई जाती है तो इसके आलोक में प्राप्त आरक्षण एवं अन्य आनुषंगिक सुविधाओं को रद्द करते हुए धारा 193 भा0द0वि0 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मेरे विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

आवेदक/आवेदिका (घोषणाकर्त्ता) का हस्ताक्षर

पत्रांक–14 / जा0नि0–03–06 / 2019 का0 6878

झारखण्ड सरकार

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

के0 के0 खण्डेलवाल,
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त / उपायुक्त,
सभी अनुमंडल पदाधिकारी / सभी अंचलाधिकारी
सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।
सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची।
परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद्, राँची।

दिनांक– 30/08/2019

विषय :– स्थानीय जांच के माध्यम से जाति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 द्वारा जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में अद्यतन अनुदेश एवं प्रपत्र जारी किये गये हैं। उक्त परिपत्र की कंडिका 13 के अनुसार झारखण्ड के स्थानीय निवासी की परिभाषा से आच्छादित कोई व्यक्ति इस राज्य में स्वतः आरक्षण की सुविधा पाने के लिए अधिकृत नहीं है। उपर्युक्त कंडिका–6 (घ) में उल्लिखित भू–अभिलेख / रेकर्ड ऑफ राइटस / भूमि निबंधन कागजात, जिस अभिलेख के आधार पर जाति का निर्धारण प्रायः किया जाता है, के नहीं होने की स्थिति / संशय की स्थिति में अथवा आवेदक के भूमिहीन होने की स्थिति में स्थानीय जाँच की प्रक्रिया अपना कर जाति का निर्धारण करते हुए जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सकता है।

स्थानीय जांच के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की समय सीमा निर्धारित करने का मामला सरकार के समक्ष पर विचाराधीन था। इस संबंध में यह निर्णय लिया गया है कि इस सेवा अर्थात् स्थानीय जांच के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की अधिकतम समय–सीमा 45 दिनों की होगी।

विभागीय परिपत्र की कंडिका 13(i) में स्थानीय जांच हेतु आवेदक को अपनी जाति विशेष के संबंध में नोटरी के माध्यम से शपथ पत्र के साथ अंचल अधिकारी के समक्ष आवेदन समर्पित करने का प्रावधान है। इस संदर्भ में नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ पत्र का आदर्श प्रारुप भी संलग्न किया जा रहा है।

अनुरोध है कि विभागीय परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत उपरोक्त निर्धारित समय–सीमा के भीतर स्थानीय जांच की प्रक्रिया पूरी करते हुए जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन

(के0 के0 खण्डेलवाल)
सरकार के अपर मुख्य सचिव

F:\chandan\letter 2019.docx

[redacted]

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 के आलोक में जाति निर्धारण हेतु स्थानीय जांच हेतु शपथ पत्र का आदर्श प्रारुप

(नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ पत्र के रूप में)

1. मैं .... पिता श्री.. वर्तमान में ग्राम/ शहर..................................., पोस्ट..................................... थाना.............. .... प्रखण्ड..अनुमंडल..................................... जिला..... .... राज्य.................................. में निवास करता/करती हूँ।

2. मैं/मेरे पूर्वज वर्ष .... से ग्राम/ शहर..., पोस्ट.., थाना.............................., प्रखण्ड..., अनुमंडल...................................., जिला.. राज्य................................. में स्थायी रुप से निवासित रहे है।

3. मेरे पिता की जाति .... है, जो झारखण्ड राज्य की अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग(अनुसूची–1)/पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) अथवा झारखण्ड राज्य के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में दर्ज है।

4. मुझे कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 की कंडिका–13 के आलोक में स्थानीय जाँच के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, क्योंकिः–

(क) मैं/मेरे पूर्वज के पास भू–अभिलेख/रेकर्ड ऑफ राइट्स/भूमि निबंधन कागजात नहीं है।

(ख) मैं/मेरे पूर्वज के भू–अभिलेख/रेकर्ड ऑफ राइट्स/भूमि निबंधन कागजात में अंकित जाति में संशय की स्थिति है।

(ग) मैं/मेरे पूर्वज भूमिहीन हैं।

(जो लागू न हों, उसे काट दिया जाय।)

5. मैं एतद् द्वारा शपथ पूर्वक यह घोषित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त सूचनाएँ मेरी जानकारी में पूर्णतः सही एवं सत्य हैं।

शपथकर्ता का हस्ताक्षर

पत्रांक :– 14/जा0नि0–03–13/2015 (खण्ड) का0 6267 /

झारखण्ड सरकार,

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

के0 के0 खण्डेलवाल,
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

सभी उपायुक्त,
सभी अनुमण्डल पदाधिकारी,
झारखण्ड।

राँची, दिनांक 02.08.2019

विषय :– केन्द्रीय संस्थानों/प्राधिकारों द्वारा वांछित प्रपत्र में ऑफलाईन जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में अनुदेश।

महोदय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक मामले में विभिन्न प्राधिकारों/स्त्रोंतो से ऐसी सूचना मिल रही है कि राज्य सरकार से इतर केन्द्र सरकार के कतिपय संस्थानों/प्राधिकारों एवं अन्य संस्थानों में नियुक्ति अथवा अन्य प्रयोजनों के लिए उक्त प्राधिकार/संस्थान के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जाति प्रमाण पत्र की मांग की जाती है, जो केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र से भिन्न होता है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में विभागीय परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 द्वारा विस्तृत अनुदेश एवं विहित प्रपत्र जारी किए गए हैं। उक्त परिप्रेक्ष्य में ऐसे मामलों में विभागीय अनुदेश के आलोक में सक्षम स्तर से निर्गत ऑन लाईन जाति प्रमाण पत्र के आधार पर राज्य सरकार से इतर केन्द्र सरकार के कतिपय संस्थानों/प्राधिकारों एवं अन्य संस्थानों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जाति प्रमाण पत्र ऑफ लाईन निर्गत किए जा सकते हैं। ऐसे प्रमाण पत्र आवेदक के अनुरोध पर सम्बन्धित प्राधिकारों द्वारा विहित प्रक्रियानुसार ऑन लाईन जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के उपरान्त जारी किए जा सकेंगें बशर्ते कि ऑनलाइन निर्गत प्रमाण पत्र में अंतर्निहित सूचना से भिन्न कोई सूचना ऑफलाईन प्रमाण पत्र में अंकित न हो। उक्त जाति प्रमाण पत्र में यह निश्चित रूप से अंकित किया जाएगा कि यह प्रमाण पत्र सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत ऑनलाईन जाति प्रमाण पत्र संख्या/दिनांक के आधार पर निर्गत किया जा रहा है। ||

विश्वासभाजन,

2/8/19

(के0 के0 खण्डेलवाल)
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

पत्रांक : 14/जा0नि0–19–11/2008 (खण्ड) का0 5319 /

झारखण्ड सरकार

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

के0 के0 खण्डेलवाल,
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

सभी उपायुक्त,
झारखण्ड।

राँची, दिनांक 05/07/2019

विषय :— जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।

प्रसंग :— विभागीय पत्रांक–1754, दिनांक–25.02.2019

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि प्रसंगाधीन पत्र द्वारा जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में विस्तृत अनुदेश एवं प्रपत्र जारी किए गए हैं।

उक्त परिपत्र की कंडिका–6 (घ) में उल्लिखित भू–अभिलेख/रेकर्ड ऑफ राइट्स/भूमि निबंधन कागजात, आदि अभिलेख के आधार पर जाति का निर्धारण करने का प्रावधान है। किन्तु यदि किसी आरक्षित कोटि के आवेदक के पास भू–अभिलेख नहीं है अथवा धारित भू–अभिलेख में संशय की स्थिति है या आवेदक भूमिहीन है तो ऐसे आवेदकों के लिए स्थानीय जाँच की प्रक्रिया पूरी पर जाति निर्धारण करने का प्रावधान प्रासंगिक परिपत्र की कंडिका 13 में किया गया है।

किन्तु इस संबंध में प्रायः ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि स्थानीय जाँच की प्रक्रिया के तहत जाति निर्धारण करने में कतिपय पदाधिकारियों द्वारा टाल–मटोल किया जाता है एवं जानबुझकर लंबित रखा जाता है, जिससे आमजनों को जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में अत्यन्त कठिनाई होती है। इस प्रकार की लापरवाही/शिथिलता स्वीकार्य नहीं है क्योंकि इससे सरकार की छवि धूमिल होती है।

अतएव स्थानीय जाँच के माध्यम से जाति निर्धारण के संबंध में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित कराया जाय।

2. समीक्षा के क्रम में यह भी पाया गया कि विभिन्न जिलों में जाति एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र के आवेदन बड़ी संख्या में लंबित हैं, जिससे आवेदकों को शिक्षण संस्थानों में नामांकन/प्रतियोगिता परीक्षाओं के आवेदन करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे आवेदनों को लंबित रखना कर्तव्य के प्रति उदासीनता माना जाएगा, जिसके आधार पर दोषी पदाधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई भी आरंभ की जायेगी।

अतः अनुरोध है कि सभी मामलों में लंबित आवेदनों को दिनांक–10.07.2019 तक निष्पादित कराना सुनिश्चित किया जाय एवं जाति प्रमाण पत्र/स्थानीय निवासी प्रमाण/स्थानीय जाँच प्रतिवेदन के लंबित मामले का प्राथमिकता के साथ प्रत्येक सप्ताह अपने स्तर पर अनुश्रवण किया जाय। कृत कार्रवाई से विभाग को अवगत कराया जाय।

विश्वासभाजन,

5/7/19

(के0 के0 खण्डेलवाल)
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

E:\chandan\letter 2019.docx

पत्रांक :— 14 / वि0वि0प0—10—04 / 2019 का0 4258 /

झारखण्ड सरकार,

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

दीपक कुमार सिन्हा,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

सचिव,
झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,
राँची।

राँची, दिनांक 30/05/2019

विषय :— जाति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।

महोदय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक—3156, दिनांक—04.04.2019 के प्रसंग में कंडिकावार वांछित मार्गदर्शन निम्नवत् है:—

कंडिका	आयोग द्वारा अपेक्षित मार्गदर्शन	मार्गदर्शन
3(क)	अंचलाधिकारी द्वारा वर्तमान परिचालित प्रपत्र में निर्गत जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे अथवा पूर्व की प्रक्रिया के अनुसार अनुमण्डल पदाधिकारी एवं उपायुक्त के स्तर से पूर्व में प्रभावी प्रपत्र में निर्गत जाति प्रमाण पत्र भी मान्य होंगे।	विभागीय परिपत्र सं0—1754, दिनांक—25.02.2019 के पूर्व सक्षम प्राधिकार यथा—अनुमण्डल पदाधिकारी / उपायुक्त द्वारा पूर्व में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तत्समय प्रभावी प्रपत्र में निर्गत जाति प्रमाण पत्र मान्य होंगे। किन्तु विभागीय परिपत्र सं0—1754, दिनांक—25.02.2019 की कंडिका 1 के अनुसार अंचलाधिकारी द्वारा दिनांक—25.02.2019 के पश्चात् निर्गत जाति प्रमाण पत्र भी पूर्ण रूप से मान्य होंगे।
3(ख)	प्रासंगिक पत्र के निर्गत होने की तिथि 25.02.2019 से वर्तमान प्रभावी प्रपत्र में अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे अथवा इस तिथि से पूर्व भी अंचलाधिकारी द्वारा पूर्व प्रभावी प्रपत्र में निर्गत जाति प्रमाण पत्र भी भूतलक्षी प्रभाव से मान्य होंगे।	विभागीय पत्रांक—6689, दिनांक—24.07.2013 द्वारा यह संसूचित है कि अनुमण्डल पदाधिकारी से अन्यून पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र नौकरी एवं प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल हाने हेतु मान्य नहीं होंगे। विभागीय पत्रांक—1754, दिनांक— 25.02.2019 द्वारा सरकारी सेवाओं में नियोजन एवं अन्य आवश्यकताओं के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र पूर्ण रूप से मान्य किया गया है। ऐसी स्थिति में दिनांक—25.02.2019 द्वारा दिए गए निदेश एवं प्रपत्र के अनुसार अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र भी मान्य होगा। अन्य कारणों से अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र भी मान्य हो सकता है। इसके अतिरिक्त पूर्व में प्रभावी प्रावधानों के आलोक में अनुमण्डल पदाधिकारी / उपायुक्त के स्तर से निर्गत जाति प्रमाण पत्र भी वैध अवधि के लिए मान्य रहेंगे।

3(ग)	कंडिका 8.2 में पिछड़ा वर्ग अनुसूची 2/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग अनुसूची 1 वर्गों के लिए क्रीमीलेयर में नहीं हाने के संबंध में स्वघोषणा पत्र मान्य होने का निदेश है। ऐसे में दिनांक–25.02.2019 से पूर्व के प्रपत्र में क्रीमीलेयर में नहीं होने के संबंध में जाति प्रमाण पत्र में अंकित सूचना को वैध माना जाएगा या नहीं। ऐसे अभ्यर्थियों से स्वघोषणा पत्र विहित प्रपत्र में प्राप्त करने की आवश्यकता होगी या नहीं।	विभागीय पत्रांक–1754, दिनांक–25.02.2019 की कंडिका 8.2 में वर्णित है कि झारखण्ड सरकार में नियोजन/तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों में दाखिला में आरक्षण के लाभ प्राप्त करने के लिए अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–I) एवं पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–II) का क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र की वैधता अगले आदेश तक की होगी। किन्तु क्रीमीलेयर में नही होने संबंधी अद्यतन स्वघोषणा पत्र (संलग्न फार्म सं0–15) संलग्न करने पर ही विगत वित्तीय वर्ष अथवा उसके पूर्व निर्गत क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र मान्य किये जायेंगे। झारखण्ड सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति/शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन हेतु आवेदन करने के लिए अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र के फार्म की कंडिका 4 में यह उल्लेख किया गया है कि यह प्रमाण पत्र कार्यालय ज्ञापन सं0–36012/22/93–स्था (एस.इ.टी.) दिनांक 08.09.1993 के अपवर्जनों के नियमानुसार प्रमाणित आवेदन तथा उसकी/उसके माता–पिता द्वारा किये गये घोषणा के आधार पर जारी किया जाता है तथा यह निर्गत होने की तिथि से एक वर्ष के लिये वैध होगा। किन्तु क्रीमीलेयर में नहीं होने सम्बधी अद्यतन स्वघोषणा पत्र संलग्न करने पर इस प्रमाण पत्र की वैद्यता स्वघोषणा पत्र समर्पित करने की वित्तीय वर्ष के लिए मान्य होगी।
3(घ)	पूर्व से प्रभावी प्रपत्र में अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी/उपायुक्त के स्तर से पिछड़ा वर्ग अनुसूची 2/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग अनुसूची 1 के संदर्भ में निर्गत जाति प्रमाण पत्र इसकी वैधता अवधि समाप्त होने के उपरान्त अभ्यर्थी के स्वघोषणा पत्र के आधार पर मान्य किए जाएगें अथवा नहीं।	विभागीय पत्रांक 1754, दिनांक–25.02.2019 की कंडिका 9.1 में यह स्पष्ट किया गया है कि क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र बार–बार निर्गत नहीं किए जायेंगे। पूर्व निर्गत प्रमाण पत्र की स्थिति में क्रीमीलेयर में नहीं होने संबंधी स्वघोषणा पत्र फार्म सं0–15 में आवेदक/आवेदिका द्वारा दिया जाएगा, जो मान्य होगा।

विश्वासभाजन,
29/5/19
(दीपक कुमार सिन्हा)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः–14/वि0वि0प0–10–04/2019 का0 4258/ राँची, दिनांक– 20/05/2019

प्रतिलिपिः–सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/5/19
सरकार के अवर सचिव।

E:\chandan\letter 2019.docx

पत्रांक–14 / आ0नी0–04–03 / 2019 का0 3180 /

झारखण्ड सरकार

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

के0 के0 खण्डेलवाल,
अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव,
सभी प्रधान सचिव / सचिव
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त।
सभी उपायुक्त
सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।
सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची।
परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, राँची।

दिनांक– 22.05.2019

विषय :– **आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प सं0– 1433, दिनांक– 15.02.2019 के द्वारा झारखण्ड सरकार के सिविल सेवाओं एवं पदों पर सीधी नियुक्ति में तथा संकल्प सं0– 1434, दिनांक– 15.02.2019 के द्वारा राज्य स्तरीय विनिर्दिष्ट शिक्षण संस्थानों में नामांकन में आर्थिक रुप से कमजोर नागरिकों के वर्ग हेतु आरक्षण का प्रावधान किया गया है। आर्थिक रुप से कमजोर नागरिकों के वर्ग का कोई आवेदक उक्त आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय एवं परिसम्पति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकेगा।

2. संकल्प सं0– 1433, दिनांक– 15.02.2019 की कंडिका 5.1 एवं 5.2 के आलोक में निम्नलिखित सक्षम प्राधिकार के द्वारा विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए सभी आवश्यक दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक सत्यापित करने के उपरान्त आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा :–

(i) उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी / अपर जिला दण्डाधिकारी / अपर उपायुक्त / अपर समाहर्त्ता / अनुमण्डल दण्डाधिकारी / कार्यपालक दण्डाधिकारी / सहायक समाहर्त्ता एवं सहायक दण्डाधिकारी,

(ii) अचल अधिकारी

3. आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आर्थिक रुप से कमजोर नागरिकों के वर्ग का कोई व्यक्ति आवेदन–सह–घोषणा पत्र का विहित प्रपत्र, परिशिष्ट–1 में तथा अवयस्क आवेदक होने की स्थिति में परिशिष्ट–2 में आवेदन समर्पित कर सकेगा। तत्काल सेवा के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक को परिशिष्ट 3 में आवेदन अलग से समर्पित करना होगा।

4. आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण–पत्र जारी करने के निमित्त निवास के बिन्दु के सम्बन्ध में विभागीय संकल्प संख्या–3198 दिनांक 18.04.2016 में निर्धारित "झारखण्ड के स्थानीय निवासी" की परिभाषा एवं पहचान से सम्बन्धित मानदण्डों/शर्तों को अंगीकृत कर यह प्रमाण पत्र अगले आदेश तक के लिए निर्गत किए जाने का निर्णय लिया गया है। अतः आवेदक के द्वारा आय एवं परिसम्पति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए विभागीय संकल्प सं0 3198 दिनांक–18.04.2016 के आधार पर निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र एवं पहचान हेतु विभागीय परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 की कंडिका 6(ङ) में उल्लिखित किसी एक दस्तावेज को आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

5. आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग का दर्जा निर्धारित करने के लिए विभागीय संकल्प सं0–1433, दिनांक–15.02.2019 की कंडिका 4.1 में निर्धारित मानदंडों का अनुपालन करते हुए आवेदक के परिवार की आवेदन वर्ष के पूर्व के वित्तीय वर्ष के सभी स्रोतों से होने वाली कुल आय एवं परिसम्पत्ति की गणना की जाएगी एवं कंडिका 4.2 के अनुसार परिवार के द्वारा धारित विभिन्न लोकेशन अथवा स्थानों/शहरों में अवस्थित भूमि एवं सम्पत्ति के कुल योग के आधार पर आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। कंडिका 4.3 के अनुसार इस प्रयोजनार्थ 'परिवार' शब्द में आवेदक, उसके पति/पत्नी, उसके माता–पिता, 18 वर्ष से कम उम्र के भाई–बहन तथा अठारह वर्ष से कम उम्र की संतान सम्मिलित होंगे।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त तथ्यों के आलोक में आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक– परिशिष्ट 1, 2 एवं 3।

विश्वासभाजन

(के0 के0 खण्डेलवाल)
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–03/2019 का0 3180 / राँची, दिनांक– 22.02.2019

प्रतिलिपि:– अनुलग्नक की प्रति सहित राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, एन0आई0सी0, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

परिशिष्ट–1

आवेदन–सह–घोषणा पत्र

आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र (वित्तीय वर्ष..................) हेतु

1. व्यक्तिगत विवरण

1	आवेदक/आवेदिका का नाम :–					
2	स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र (संख्या/दिनांक) :–					
3	मोबाईल नं० (यदि हो तो) :–					
4	जन्म तिथि :–	5	लिंग	पुरूष( )	महिला ( )	ट्रांसजेंडर ( )
6	जाति*	7	धर्म :–			
8	आवासीय पता :–					
(क)	स्थाई पता :– गाँव/मुहल्ला .... प्रखण्ड .... डाकघर .... थाना .... अनुमण्डल .... जिला .... पिन .... राज्य					
(ख)	वर्त्तमान पता :–गाँव/मुहल्ला .... प्रखण्ड .... डाकघर .... थाना .... अनुमण्डल .... जिला .... पिन .... राज्य					
9	पिता का नाम :–	10	पिता की जाति :–			
11	माता का नाम :–					
12	पति का नाम :–	13	पति की जाति :–			

2. परिवार** के सदस्यों की विवरणी :–

क्र०सं०	सदस्य का नाम	आवेदक से सम्बन्ध	आवेदन की तिथि को उम्र	PAN
(i)				
(ii)				

3. आवेदन वर्ष के पूर्व का वित्तीय वर्ष....................में सभी स्रोतों से पारिवारिक** आय (यथा वेतन, कृषि, व्यवसाय, पेशा आदि) :–

(i)	वेतन से कुल आय	
(ii)	कृषि से कुल आय	
(iii)	व्यवसाय से कुल आय	
(iv)	पेशा से कुल आय	
(v)	अन्य स्रोत से कुल आय	
	कुल आय	

4. सम्पत्ति का विवरण (परिवार** द्वारा धारित विभिन्न स्थानों/शहरों में अवस्थित भूमि और सम्पत्ति को जोड़कर) :–

(i)	कुल कृषि योग्य भूमि(एकड़ में)	
(ii)	आवासीय फ्लैट(कुल क्षेत्रफल वर्गफीट में)	
(iii)	अधिसूचित नगरपालिका क्षेत्र में आवासीय भू–खण्ड (कुल क्षेत्रफल वर्गगज में)	
(iv)	अधिसूचित नगरपालिका क्षेत्र से भिन्न क्षेत्रों में आवासीय भू–खण्ड (कुल क्षेत्रफल वर्गगज में)	

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि यदि भविष्य में मेरी उपर्युक्त घोषणा गलत पाई जाती है तो इसके आलोक में मुझे प्राप्त आरक्षण एवं अन्य आनुषंगिक सुविधाओं को रद्द करते हुए धारा 193 भा०द०वि० एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मेरे विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

* आवेदक की जाति वही मानी जाएगी जो उसके पिता की जाति है।

** इस प्रयोजनार्थ 'परिवार' शब्द में आवेदक, उसके पति/पत्नी, उसके माता-पिता, 18 वर्ष से कम उम्र के भाई–बहन तथा अठारह वर्ष से कम उम्र की संतान सम्मिलित होंगे।

आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर

परिशिष्ट–2

आवेदक के अवयस्क होने की स्थिति मे आवेदक के माता–पिता के द्वारा अपनी संतान के आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र (वित्तीय वर्ष ....) हेतु आवेदन–सह–घोषणा पत्र

1. व्यक्तिगत विवरण (अवयस्क हेतु) –

1	आवेदक / आवेदिका का नाम –		
2	स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र (संख्या / दिनांक) :–		
3	मोबाईल नं0 (यदि हो तो) –		
4	जन्म तिथि :–	5	लिंग | पुरूष( ) | महिला ( ) | ट्रांसजेंडर ( )
6	जाति* :–	7	धर्म :–
8	आवासीय पता :–		
(क)	स्थाई पता :– गाँव / मुहल्ला .... प्रखण्ड .... डाकघर .... थाना .... अनुमण्डल .... जिला .... पिन .... राज्य		
(ख)	वर्तमान पता :– गाँव / मुहल्ला .... प्रखण्ड .... डाकघर .... थाना .... अनुमण्डल .... जिला .... पिन .... राज्य		
9	पिता का नाम :–	10	पिता की जाति :–
11	माता का नाम :–		

2. परिवार** के सदस्यों की विवरणी :–

क्र0सं0	सदस्य का नाम	आवेदक से सम्बन्ध	आवेदन की तिथि को उम्र	PAN
(i)				
(ii)				

3. आवेदन वर्ष के पूर्व का वित्तीय वर्ष......... में सभी स्रोतों से पारिवारिक** आय (यथा वेतन, कृषि, व्यवसाय, पेशा आदि) :–

(i)	वेतन से कुल आय	
(ii)	कृषि से कुल आय	
(iii)	व्यवसाय से कुल आय	
(iv)	पेशा से कुल आय	
(v)	अन्य स्रोत से कुल आय	
	कुल आय	

4. सम्पत्ति का विवरण (परिवार** द्वारा धारित विभिन्न स्थानों / शहरों में अवस्थित भूमि और सम्पति को जोड़कर) :–

(i)	कुल कृषि योग्य भूमि(एकड़ में)	
(ii)	आवासीय फ्लैट(कुल क्षेत्रफल वर्गफीट में)	
(iii)	अधिसूचित नगरपालिका क्षेत्र में आवासीय भू–खण्ड (कुल क्षेत्रफल वर्गगज में)	
(iv)	अधिसूचित नगरपालिका क्षेत्र से भिन्न क्षेत्रों में आवासीय भू–खण्ड (कुल क्षेत्रफल वर्गगज में)	

मैं यह भी घोषणा करता / करती हूँ कि यदि भविष्य में मेरी उपर्युक्त घोषणा गलत पाई जाती है तो इसके आलोक में मेरे पुत्र / पुत्री को प्राप्त आरक्षण एवं अन्य आनुषंगिक सुविधाओं को रद्द करते हुए धारा 193 भा0द0वि0 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मेरे विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

* आवेदक की जाति वही मानी जाएगी जो उसके पिता की जाति है।

** इस प्रयोजनार्थ 'परिवार' शब्द में आवेदक, उसके पति / पत्नी, उसके माता–पिता, 18 वर्ष से कम उम्र के भाई–बहन तथा अठारह वर्ष से कम उम्र की संतान सम्मिलित होंगे।

पिता / माता का हस्ताक्षर

(पिता / माता का नाम :– ....)

(आवेदक के अवयस्क रहने की स्थिति में)

परिशिष्ट–3

आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में 'तत्काल सेवा' का लाभ प्राप्त करने हेतु अर्हता सत्यापन संबंधी आवेदन

(दो प्रतियों में)

सेवा में,

....

....

....

महाशय,

मुझे .... (संस्थान/कार्यालय का नाम) द्वारा दिनांक–.............................. तक आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र समर्पित करने का निदेश प्राप्त हुआ है। संबंधित संस्थान/कार्यालय के मांग पत्र की प्रति संलग्न है।

अनुरोध है कि संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन कर मेरे पक्ष में 'तत्काल सेवा' का लाभ प्राप्त करने हेतु सत्यापन निर्गत करने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान–..............................

दिनांक– ....

नाम– ....

पिता/पति का नाम– ....

स्थायी पता– ....

....

मोबाईल नं0– ....

(कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

ज्ञापांक–..............................

दिनांक– ....

कार्यालय का नाम–..

<u>तत्काल सेवा हेतु अर्हता का सत्यापन</u>

झारसेवा पोर्टल पर आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र के लिए तत्काल सेवा प्राप्त करने के सम्बन्ध में श्री/श्रीमती/सुश्री .... पिता/पति का नाम .... पता.. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन तथा उसके साथ अनुलग्न संबंधित संस्थान/कार्यालय के एतद् सम्बन्धी ज्ञापन/दस्तावेज का अवलोकन किया।

इनका आवेदन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–...................., दिनांक .... में वर्णित प्रावधान के आलोक में 'तत्काल सेवा' अन्तर्गत प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु स्वीकार करने योग्य पाया।

सत्यापन करनेवाले पदाधिकारी

का हस्ताक्षर (मुहर सहित)

नाम–..............................

पदनाम–..............................

झारखण्ड सरकार
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।
अधिसूचना

संख्या–14/विविध–15–10/2018 का0 3198/ राँची, दिनांक–22.04.2019

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की अधिसूचना सं0–1436, दिनांक–18.02.2019 द्वारा पूर्व में गठित छानबीन समिति को पुर्नगठित करते हुए एकीकृत जाति छानबीन समिति (Scrutiny Committee) का गठन किया गया है। उक्त समिति में अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्ग की जातियों के संबंध में विशेषज्ञता रखने वाले निम्नलिखित व्यक्तियों को सदस्य के रुप में एतद् द्वारा मनोनीत किया जाता है:–

1. डॉ0 ज्योति लाल उरॉव, सेवानिवृत्त प्रतिकुलपति, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग (मो0 सं0–7654198884) – अनुसूचित जनजातियों के संबंध में विशेषज्ञता रखने वाले सदस्य
2. डॉ0 पारस कुमार चौधरी, प्राध्यापक, समाजशास्त्र विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची (मो0 सं0–9431161304) – अनुसूचित जातियों के संबंध में विशेषज्ञता रखने वाले सदस्य
3. डॉ0 एल0 एन0 राणा, सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची (मो0 सं0–9431588997) – पिछड़े वर्ग की जातियों के संबंध में विशेषज्ञता रखने वाले सदस्य

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,
22/4/19
(दीपक कुमार सिन्हा)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–14/विविध–15–10/2018 का0 3198/ राँची, दिनांक–22.04.2019

प्रतिलिपि:– नोडल पदाधिकारी, ई–गजट, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को झारखण्ड ई–गजट के असाधारण अंक में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

22/4/19
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–14/विविध–15–10/2018 का०– 3198/ राँची, दिनांक–22.04.2019

प्रतिलिपि :– महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव, झारखण्ड/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, राँची/सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय/महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची/महाधिवक्ता, झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त/सदस्य सचिव, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/राज्य के सभी लोक उपक्रमों/निगमों/निकायों/परिषदों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/विद्यालयों को इस निर्णय से अवगत कराने की कृपा की जाय।

22/4/19
सरकार के अवर सचिव।

E:\chandan\Adhisuchna.docx

ज्ञापांक–14/विविध–15–10/2018 का॰– 3198/ राँची, दिनांक–22.04.2019

प्रतिलिपि :– सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग/सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग/सचिव, झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/4/19

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–14/विविध–15–10/2018 का॰– 3198/ राँची, दिनांक–22.04.2019

प्रतिलिपि :– सभी सदस्य, जाति छानबीन समिति, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/4/19

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–14/विविध–15–10/2018 का॰– 3198/ राँची, दिनांक–22.04.2019

प्रतिलिपि :– प्रतिकुलपति, रांची विश्वविद्यालय, रांची/विनाबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि अधिसूचना की प्रति डॉ0 ज्योति लाल उराँव, सेवानिवृत्त प्रतिकुलपति, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग/ डॉ0 पारस कुमार चौधरी, प्राध्यापक, समाजशास्त्र विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची/ डॉ0 एल0 एन0 राणा, सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची को उनके गृह पते/कार्यालय पते पर अविलम्ब उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

22/4/19

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–14/विविध–15–10/2018 का॰– 3198/ राँची, दिनांक–22.04.2019

प्रतिलिपि :– सभी राष्ट्रीयकृत बैंक, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि इसकी सूचना सभी बैंक शाखाओं को दी जाय।

22/4/19

सरकार के अवर सचिव।

पत्रांक– 14/जा0वि0– 03–13/2015 /का0, 1754

झारखण्ड सरकार

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

के0के0 खण्डेलवाल,
अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव,
सभी प्रधान सचिव/सचिव
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त।
सभी उपायुक्त
सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।
सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची।
परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद्, राँची।

दिनांक– 25/02/2019

विषय :– जाति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्य को जाति प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु झारखण्ड सरकार/भारत सरकार द्वारा इससे संबंधित मार्ग–दर्शन को परिचारित करते हुए उसमें अंतर्निहित प्रक्रिया एवं शर्तों का अनुपालन करने हेतु समय–समय पर अनुदेश दिया जाता रहा है। साथ ही इन प्रमाण–पत्रों को निर्गत करने हेतु प्रमाण–पत्र का प्रपत्र भी परिचारित किया जाता रहा है।

वर्त्तमान में जाति प्रमाण पत्र के संबंध में विभिन्न स्रोतों से विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों के संबंध में विभाग को अवगत कराया गया है जिनके निराकरण के मामले सरकार के समक्ष विचाराधीन थे। जाति प्रमाण पत्र से संबंधित कठिनाइयों के निराकरण के संबंध में सम्यक विचारोपरान्त निम्नवत अनुदेश दिये जाते हैं :–

1. सरकारी सेवाओं में नियोजन एवं अन्य आवश्यकताओं के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र पूर्ण रूप से मान्य होंगे।

2. राज्य सरकार से इतर प्राधिकारों/अन्य संस्थानों में नियुक्ति अथवा अन्य प्रयोजनों के लिए यदि अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र की माँग की जाती है तो ऐसे मामलों में अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र के आधार पर उच्चाधिकारी द्वारा ऑनलाईन प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा।

3. वांछित प्रमाण–पत्र हेतु आवेदक/आवेदिका द्वारा विहित प्रपत्र में पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन, सुसंगत स्व–घोषणा पत्र अर्थात् आवेदक/आवेदिका द्वारा दिये जाने वाले घोषणा पत्र सहित ऑनलाईन जमा किये जायेंगे।

4. अँचल अधिकारी के द्वारा झारसेवा सॉफ्टवेयर पर डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से प्रमाण पत्र संबंधी कार्यों का निष्पादन किया जायेगा। झारसेवा पोर्टल पर अंचल कार्यालय के सम्बन्धित राजस्व कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक अपने लॉगिन आई.डी. का प्रयोग करते हुए जाति प्रमाण पत्र सम्बन्धी आवेदन में दावे की सम्यक् जाँच कर लेंगे तथा नियमानुसार प्रस्ताव अंचल अधिकारी को ऑनलाईन समर्पित करेंगे।

5. झारखण्ड राज्य में आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–I)/पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–II) तथा केन्द्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्र के निमित्त आवेदन हेतु निम्नलिखित अर्हता पूरी करना अनिवार्य है –

(क) आवेदक भारत का नागरिक हो।

(ख) वह या उसके पूर्वज झारखण्ड राज्य की भौगोलिक सीमा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के मामले में क्रमशः दिनांक–10.08.1950 एवं दिनांक–06.09.1950 तथा अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–I)/पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–II) के मामले में दिनांक–10.11.1978 तथा केन्द्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में दिनांक–08.09.1993 के पूर्व से स्थायी रूप से आवासित हो।

(ग) वह साधारणतः आवेदन में दर्ज़ पते पर निवास करता हो।

(घ) वह आवेदित जाति का सदस्य हो।

(ङ) आवेदक का कोई पहचान पत्र हो।

(च) स्व–घोषणा पत्र

6. उपर्युक्त कंडिका–5 (क) से (ङ) तक की अर्हता पूरी करने संबंधी निम्नांकित दस्तावेजों को समर्पित करना अनिवार्य होगा –

(क) नागरिक होने के संबंध में निम्नलिखित दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज को संलग्न करना अनिवार्य होगा : –

i. स्वयं का मतदाता पहचान पत्र
ii. आवेदक के अवयस्क रहने की स्थिति में आवेदक के माता अथवा पिता का मतदाता पहचान पत्र।
iii. सत्यापित मतदाता सूची, जिसमें स्वयं अथवा माता/पिता (आवेदक के अवयस्क रहने पर) का नाम अंकित हो।
iv. स्वयं का पैन कार्ड।
v. आवेदक के अवयस्क रहने पर माता अथवा पिता का पैन कार्ड।
vi. आवेदक का पंजीयक/निबंधक द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र।
vii. कोई भी सरकारी दस्तावेज जो निर्विवाद रूप से आवेदक के भारत की नागरिकता को स्पष्ट करता हो।

(ख) जाति प्रमाण पत्र के निमित्त स्थायी रूप से निवासित होने के प्रमाण के तौर पर निम्नलिखित दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज को संलग्न करना अनिवार्य होगा:–

i. रेकर्ड ऑफ राईटस (रिविजनल अथवा म्युनिसिपल), जिससे आवेदक अथवा उसके पूर्वज के झारखण्ड राज्य की भौगोलिक सीमा में दिनांक–10.08.1950 (अनुसूचित जाति के मामले में), दिनांक–06.09. 1950 (अनुसूचित जनजाति के मामले में), दिनांक –10.11.1978 (अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/ पिछड़ा वर्ग के मामले में) तथा दिनांक–08.09.1993 (केन्द्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में) से स्थायी रूप से निवासित होना निर्विवाद रूप से प्रमाणित होता हो।

ii. भू–निबंधन कागजात, जिससे आवेदक अथवा उसके पूर्वज के झारखण्ड राज्य की भौगोलिक सीमा में दिनांक–10.08.1950 (अनुसूचित जाति के मामले में), दिनांक– 06.09.1950(अनुसूचित जनजाति के मामले में) दिनांक–10.11.1978 (अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के मामले में) तथा दिनांक–08.09.1993 (केन्द्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में) से स्थायी रूप से निवासित होना निर्विवाद रूप से प्रमाणित होता हो।

iii. अनुसूचित जाति के मामले में दिनांक–10.08.1950, अनुसूचित जनजाति के मामले में दिनांक–06.09.1950 एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के मामले में दिनांक–10.11.1978 तथा केन्द्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में दिनांक–08.09.1993 से आवासित होने की निर्विवाद रूप से पुष्टि करने संबंधी प्रमाणित मतदाता सूची।

iv. अनुसूचित जाति के मामले में दिनांक–10.08.1950, अनुसूचित जनजाति के मामले में दिनांक–06.09.1950 एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के मामले में दिनांक–10.11.1978 तथा केन्द्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में दिनांक–08.09.1993 से आवासित होने का निर्विवाद रूप से पुष्टि करने संबंधी कोई सरकारी दस्तावेज।

(ग) साधारणतः निवास (साधारणतः निवास करने का तात्पर्य वही है, जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा–20 के तहत परिभाषित है) करने संबंधी पता के संबंध में आवेदक को स्वघोषणा–पत्र एवं निम्नलिखित दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज को संलग्न करना अनिवार्य होगा :–

i. स्वयं का अद्यतन एवं वैध मतदाता पहचान पत्र।

ii. आवेदक के अवयस्क होने पर माता अथवा पिता का अद्यतन एवं वैध मतदाता पहचान पत्र।

iii. अद्यतन विद्युत विपत्र ।

iv. अद्यतन दूरभाष विपत्र ।

v. अद्यतन जलकर विपत्र।

vi. राशन कार्ड।

vii. पासपोर्ट।

viii. ड्राईविंग लाईसेंस।

ix. आयकर निर्धारण आदेश।

x. सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र।

xi. कोई भी सरकारी दस्तावेज जो आवेदक के साधारण तौर पर निवास करने को निर्विवाद रूप से प्रमाणित करता हो।

(घ) जाति प्रमाण पत्र हेतु निम्नलिखित दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज को संलग्न करना अनिवार्य होगा :—

i. रेकर्ड ऑफ राईटस (रिविजनल अथवा म्युनिसिपल)।
ii. निबंधन कागजात/भू–अभिलेख/दानपत्र/भूमिहीन को आवंटित भूमि से संबंधित अभिलेख जिसमें स्पष्ट रूप से जाति अंकित हो तथा यह दिनांक–10.08.1950 (अनुसूचित जाति के मामले में), दिनांक–06.09. 1950 (अनुसूचित जनजाति के मामले में), दिनांक –10.11.1978 (अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के मामले में) तथा दिनांक–08.09.1993 (अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में) के पूर्व का हो।
iii. स्थानीय जाँच प्रतिवेदन कंडिका– 13 के अनुसार (उपर्युक्त कंडिका में उल्लिखित भू–अभिलेख नहीं होने पर)

(क) राज्य के अनुसूचित जिलों के जिला स्तर के समूह 'ख' अराजपत्रित, समूह 'ग' एवं समूह 'घ' पदों पर नियुक्तियों में संबंधित जिले के स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता देने संबंधी कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की अधिसूचना संख्या–5938, दिनांक–14.07.2016 (संकल्प सं0–8468, दिनांक–20.11.2018 द्वारा यथासंशोधित) एवं आदेश सं0–5939, दिनांक–14.07.2016 को तत्काल प्रभाव से आहरित किया जाता है।

(ख) इस संकल्प के निर्गत होने की तिथि से पूर्व समूह 'ख' अराजपत्रित, समूह 'ग' एवं समूह 'घ' के पदों पर नियुक्ति हेतु वैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित सभी विज्ञापन, जो कार्मिक विभागीय अधिसूचना संख्या–5938, दिनांक–14.07.2016 (संकल्प सं0–8468, दिनांक–20.11 2018 द्वारा यथासंशोधित) एवं आदेश सं0–5939, दिनांक–14.07.2016 से आच्छादित हैं तथा जिनमें अबतक नियुक्ति पत्र निर्गत नहीं किए गए हैं, उनमें नियुक्ति की प्रक्रिया अपूर्ण मानते हुए उन सभी विज्ञापनों को निरस्त किया जाता है। इन मामलों में अब नए सिरे से (ab-initio) विज्ञापन प्रकाशित करने की कार्रवाई की जाएगी।

आदेश : आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प/अधिसूचना की प्रति झारखण्ड राजपत्र में जनसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

19.1.22

(वंदना दादेल)

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–14/स्थानीयता नीति–14–01/2015 का॰– 229 /रांची, दिनांक 19/01/2022

प्रतिलिपि :– महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, राँची/मुख्य सचिव, झारखण्ड/सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची/महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त/निःशक्तता आयुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/राज्य के सभी लोक उपक्रमों/ निगमों/ निकायों/परिषदों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/विद्यालयों को इस निर्णय से अवगत कराने की कृपा की जाय।

19.1.22

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–14/स्थानीयता नीति–14–01/2015 का०– 229 /रांची, दिनांक 19/01/2022

प्रतिलिपि :– सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची / सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19.1.22

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–14/स्थानीयता नीति–14–01/2015 का०– 229 /रांची, दिनांक 19/01/2022

प्रतिलिपि :– नोडल पदाधिकारी, ई–गजट, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

19.1.22

सरकार के प्रधान सचिव।

821
05/02/2021

झारखण्ड सरकार
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

संकल्प

विषय : **राज्य के गैर अनुसूचित जिलों के जिला स्तर के समूह 'ख' के अराजपत्रित तथा समूह 'ग' एवं समूह 'घ' के पदों पर नियुक्तियों में संबंधित जिले के स्थानीय निवासियों को एवं राज्यस्तरीय समूह 'ख' के अराजपत्रित तथा समूह 'ग' एवं समूह 'घ' के पदों पर नियुक्तियों में झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता देने संबंधी संकल्प सं0–3854, दिनांक–01.06.2018 (संकल्प सं0–8468, दिनांक–20.11.2018 द्वारा यथासंशोधित) के आहरण के संबंध में।**

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प सं0–3854, दिनांक–01.06.2018 द्वारा निम्नवत् प्रावधान किया गया है :–

"राज्य के 11 गैर अनुसूचित जिलों यथा पलामू, गढ़वा, हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, चतरा, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, देवघर एवं गोड्डा में जिला स्तर के वर्ग 3 एवं वर्ग 4 के पदों पर नियुक्ति हेतु, अगले 10 (दस) वर्षों तक, मात्र संबंधित जिले के स्थानीय निवासियों को ही पात्र माना जायेगा। साथ ही झारखण्ड राज्य में वर्ग 3 एवं वर्ग 4 के सभी राज्यस्तरीय पदों पर भविष्य में होने वाले नियुक्तियों हेतु मात्र झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासियों को ही पात्र माना जायेगा।"

2. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग संकल्प सं0–8468, दिनांक–20.11.2018 द्वारा विभागीय अधिसूचना सं0–5938, दिनांक–14.07.2016 एवं संकल्प सं0–3854, दिनांक–01.06.2018 में संशोधन करते हुए निम्नवत् प्रावधान किया गया:–

"राज्यहित में रिक्त सरकारी पदों पर नियुक्ति सुगमता पूर्वक सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार के द्वारा निर्णय लिया गया है कि विभागीय अधिसूचना सं0–5938, दिनांक–14.07.2016 एवं संकल्प सं0–3854, दिनांक–01.06.2018 में जहाँ कहीं भी "वर्ग 3 एवं वर्ग 4" अथवा "तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी" शब्द समूह का प्रयोग किया गया है उसे " 'समूह ख के अराजपत्रित तथा समूह ग' एवं 'समूह घ' " से प्रतिस्थापित किया जाय।"

3. WP(C) No.-1387/2017 सोनी कुमारी एवं अन्य बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य तथा संलग्न समरूप वादों में झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जिलों में संबंधित जिलों के स्थानीय निवासी के नियोजन से संबंधित कार्मिक विभागीय अधिसूचना सं0–5938, दिनांक–14.07.2016 एवं आदेश सं0–5939, दिनांक–14.07.2016 को निरस्त करने का अनुरोध माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड से किया गया। उक्त मामलों में दिनांक–21.09.2020 को माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के वृहद् पीठ के द्वारा निम्नवत् न्यायादेश पारित किया:–

"57. For the reasons detailed above, both these Notification No. 5938 and Order No. 5939 dated 14.7.2016, as contained in Annexures-6 and 6/1 of the lead writ application are accordingly, quashed."

उल्लेखनीय है कि उक्त वाद में माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा किसी जिला के शत–प्रतिशत पदों को उसी जिला के स्थानीय निवासियों के लिए आरक्षित करने के

मामले में अभिव्यक्त विचार (Observation) विभागीय संकल्प सं0–3854, दिनांक–01.06.2018 पर भी सैद्धान्तिक तौर पर समान रूप से लागू होंगे।

4. माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के उक्त न्यायादेश के आलोक में सम्यक् विचारोपरान्त राज्य सरकार के द्वारा निर्णय लिया गया है कि:–

(क) राज्य के गैर अनुसूचित जिलों के जिला स्तर के समूह 'ख' अराजपत्रित, समूह 'ग' एवं समूह 'घ' पदों पर नियुक्तियों में संबंधित जिले के स्थानीय निवासियों को एवं राज्यस्तरीय समूह 'ख' अराजपत्रित, समूह 'ग' एवं समूह 'घ' के पदों पर नियुक्तियों में झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता देने संबंधी कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की संकल्प सं0–3854, दिनांक–01.06.2018 (संकल्प सं0–8468, दिनांक–20.11.2018 द्वारा यथासंशोधित) को तत्काल प्रभाव से आहरित किया जाता है।

(ख) इस संकल्प के निर्गत होने की तिथि से पूर्व समूह 'ख' अराजपत्रित, समूह 'ग' एवं समूह 'घ' के पदों पर नियुक्ति हेतु वैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित सभी विज्ञापन, जो कार्मिक विभागीय संकल्प संख्या–3854, दिनांक–01.06.2018 (संकल्प सं0–8468, दिनांक–20.11.2018 द्वारा यथासंशोधित) से आच्छादित हैं तथा जिनमें अबतक नियुक्ति पत्र निर्गत नहीं किए गए हैं, उनमें नियुक्ति की प्रक्रिया अपूर्ण मानते हुए उन सभी विज्ञापनों को निरस्त किया जाता है। इन मामलों में अब नए सिरे से (ab-initio) विज्ञापन प्रकाशित करने की कार्रवाई की जाएगी।

आदेश : आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति झारखण्ड राजपत्र में जनसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

(अजय कुमार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–14/स्थानीयता नीति–14–04/2018 का.– 821 /रांची, दिनांक 05/02/2021

प्रतिलिपि :– महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, राँची/मुख्य सचिव, झारखण्ड/सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची/महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त/निःशक्तता आयुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/राज्य के सभी लोक उपक्रमों/ निगमों/ निकायों/परिषदों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/विद्यालयों को इस निर्णय से अवगत कराने की कृपा की जाय।

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–14/स्थानीयता नीति–14–04/2018 का॰– 821 /रांची, दिनांक 05/02/2021

प्रतिलिपि :– सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची / सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–14/स्थानीयता नीति–14–04/2018 का॰– 821 /रांची, दिनांक 05/02/2021

प्रतिलिपि :– नोडल पदाधिकारी, ई–गजट, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

सरकार के प्रधान सचिव।

पत्रांक : 14/विविध–15–22/2019 का0 5752

झारखण्ड सरकार

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

के0 के0 खण्डेलवाल,
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

सभी प्रमंण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त
सभी अनुमण्डल पदाधिकारी/सभी अंचलाधिकारी
सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
झारखण्ड।

राँची, दिनांक 19/07/2019

विषय :– झारखण्ड का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक इस विभाग के संकल्प सं0–3198, दिनांक–18.04.2016 के द्वारा झारखण्ड के स्थानीय निवासी की परिभाषा एवं पहचान निर्धारित की गयी है। साथ ही विभागीय परिपत्र सं0–4650, दिनांक–02.06.2016 द्वारा झारखण्ड का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में अनुदेश भी जारी किये गए हैं।

2. स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र के निर्गमन में कठिनाई को देखते हुए स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु अंचलाधिकारियों को भी प्राधिकृत करने का निर्णय लिया गया है। तद्नुसार अंचल अधिकारी के स्तर से निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र सभी कार्यों/प्रयोजनों के लिए मान्य होंगे। अतएव विभागीय परिपत्र सं0–4650, दिनांक–02.06.2016 की कंडिका (iii) को संशोधित करते हुए स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र अंचलाधिकारी के स्तर से भी जारी होगा, जो प्रमाण पत्र धारक के जीवन काल तक सभी कार्यों के लिए मान्य होगा। पूर्व से अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा ऑनलाईन निर्गत किये जा रहे स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र भी मान्य होंगे। विभागीय परिपत्र सं0–4650, दिनांक–02.06.2016 की अन्य कंडिकाएं एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

विश्वासभाजन,
19/7/19
(के0 के0 खण्डेलवाल)
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक:–14/विविध–15–22/2019 का0 5752/ राँची, दिनांक–19/07/2019

प्रतिलिपि:–सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग/सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग/परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, राँची को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/7/19
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक:–14/विविध–15–22/2019 का0 5752/ राँची, दिनांक–19/07/2019

प्रतिलिपि:– सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/सभी विभागाध्यक्ष, झारखण्ड को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/7/19
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

E:\chandan\letter 2019.docx

8468
20.11.18

झारखण्ड सरकार
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

संकल्प

विषय :– राज्य के अनुसूचित/गैर अनुसूचित जिलों के जिला स्तर के पदों पर नियुक्तियों में संबंधित जिले के स्थानीय निवासियों को एवं राज्यस्तरीय वर्ग 3 एवं वर्ग 4 के पदों पर नियुक्तियों में झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता देने संबंधी अधिसूचना संख्या–5938, दिनांक–14.07.2016 एवं संकल्प सं0–3854, दिनांक– 01.06.2018 में संशोधन।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना सं0–5938, दिनांक–14.07.2016 द्वारा राज्य के 13 अनुसूचित जिलों तथा संकल्प सं0–3854, दिनांक–01.06.2018 द्वारा राज्य के 11 गैर अनुसूचित जिलों में जिला स्तर के वर्ग 3 एवं वर्ग 4 के पदों पर नियुक्ति हेतु, अगले 10 वर्षों तक, मात्र संबंधित जिले के स्थानीय निवासियों को ही पात्र माना गया है। साथ ही संकल्प सं0–3854, दिनांक–01.06.2018 द्वारा झारखण्ड राज्य में वर्ग 3 एवं वर्ग 4 में सभी राज्य स्तरीय पदों पर भविष्य में होने वाली नियुक्तियों हेतु झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासियों को ही पात्र माने जाने का प्रावधान किया गया है।

2. कार्मिक विभागीय संकल्प सं0–5216, दिनांक–30.08.2010 द्वारा राज्य के सरकारी सेवाओं/पदों को समूह "क, ख, ग एवं घ" के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

3. उपर्युक्त कंडिका 1 एवं 2 में वर्णित स्थितियों में समूह 'ख', समूह 'ग' एवं समूह 'घ' के पदों की वर्ग 3 एवं वर्ग 4 के पदों से समकक्षता निर्धारित नहीं होने के कारण नियुक्ति संबंधी कार्रवाई में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। तदनुसार यह मामला राज्य सरकार के विचाराधीन था।

अतः राज्यहित में रिक्त सरकारी पदों पर नियुक्ति सुगमता पूर्वक सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार के द्वारा निर्णय लिया गया है कि विभागीय अधिसूचना सं0–5938, दिनांक–14.07.2016 एवं संकल्प सं0–3854, दिनांक–01.06.2018 में जहाँ कहीं भी "वर्ग 3 एवं वर्ग 4" अथवा "तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी" शब्द समूह का प्रयोग किया गया है उसे " 'समूह ख के अराजपत्रित तथा समूह ग' एवं 'समूह घ' " से प्रतिस्थापित किया जाय।

आदेश : आदेश दिया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में विभागीय अधिसूचना सं0–5938, दिनांक–14.07.2016 एवं संकल्प सं0–3854, दिनांक–01.06.2018 के सुसंगत अंश इस हद तक संशोधित माना जायेगा।

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति झारखण्ड राजपत्र में जनसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

(के0 के0 खण्डेलवाल)
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक–14/स्थानीयता नीति–14–04/2018 का॰– 8468 /रांची, दिनांक 20.11.18

प्रतिलिपि :– नोडल पदाधिकारी, ई–गजट, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–14/स्थानीयता नीति–14–04/2018 का॰– 8468 /रांची, दिनांक 20.11.18

प्रतिलिपि :– महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, राँची/सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची/महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त/निःशक्तता आयुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/राज्य के सभी लोक उपक्रमों/ निगमों/ निकायों/परिषदों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/विद्यालयों को इस निर्णय से अवगत कराने की कृपा की जाय।

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–14/स्थानीयता नीति–14–04/2018 का॰– 8468 /रांची, दिनांक 20.11.18

प्रतिलिपि :– सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची / सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

3857
1.6.18

झारखण्ड सरकार
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग
संकल्प

विषयः राज्य के गैर अनुसूचित जिलों के जिला स्तर के पदों पर नियुक्तियों में संबंधित जिले के स्थानीय निवासियों को एवं राज्यस्तरीय वर्ग 3 एवं वर्ग 4 के पदों पर नियुक्तियों में झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता देने के संबंध में।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के अधिसूचना सं0–5938, दिनांक–14.07.2016 के द्वारा झारखण्ड राज्य अन्तर्गत अनुसूचित क्षेत्र के 13 जिलों यथा–साहेबगंज, पाकुड़, दुमका, जामताड़ा, लातेहार, राँची, खूँटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावाँ में जिला संवर्ग के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों में उद्‌भूत रिक्तियों पर भर्ती हेतु उक्त अधिसूचना के जारी होने की तिथि से 10 वर्षों की अवधि तक के लिए मात्र संबंधित जिलों के स्थानीय निवासियों को ही पात्र माने जाने का प्रावधान किया गया है।

2. राज्य के गैर अनुसूचित 11 जिलों यथा–पलामू, गढ़वा, हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, चतरा, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, देवघर एवं गोड्डा के जिला स्तरीय वर्ग 3 एवं वर्ग 4 के पदों पर नियुक्ति के लिए अनुसूचित जिलों हेतु प्रवृत्त उपरोक्त प्रावधान के सदृश्य व्यवस्था करने की मांग सरकार के समक्ष विचाराधीन थी।

3. सन्निहित मामले में गैर अनुसूचित जिलों के सदृश्य प्रावधानों पर अध्ययन हेतु एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गयी। उक्त उच्च स्तरीय समिति द्वारा समर्पित प्रतिवेदन एवं अनुशंसाओं पर सम्यक् विचारोपरान्त राज्य सरकार द्वारा निम्न निर्णय लिये गये हैं :–

(क) राज्य के 11 गैर अनुसूचित जिलों यथा पलामू, गढ़वा, हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, चतरा, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, देवघर एवं गोड्डा में जिला स्तर के वर्ग 3 एवं वर्ग 4 के पदों पर नियुक्ति हेतु, अगले 10 (दस) वर्षों तक, मात्र संबंधित जिले के स्थानीय निवासियों को ही पात्र माना जायेगा। साथ ही झारखण्ड राज्य में वर्ग 3 एवं वर्ग 4 के सभी राज्यस्तरीय पदों पर भविष्य में होने वाले नियुक्तियों हेतु मात्र झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासियों को ही पात्र माना जायेगा।

(ख) राज्य के वर्ग 3 एवं वर्ग 4 के पदों पर नियुक्ति हेतु झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली जाने वाली वैसी सभी प्रतियोगिता परीक्षाएं जिनके लिए मात्र विज्ञापन ही प्रकाशित हुए हैं, किन्तु अभी तक परीक्षा आयोजित नहीं की जा सकी है, से संबंधित विज्ञापन तत्काल निरस्त किये जायेंगे तथा

उपर्युक्त कंडिका 'क' में अंकित प्रावधानों के अनुरूप झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा नए सिरे से विज्ञापन प्रकाशित कर उक्त परीक्षाएं आयोजित की जाएगी।

उपर्युक्त प्रावधान इस संकल्प के निर्गत होने की तिथि से प्रभावी होंगे।

आदेश : आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इसे राजकीय गजट में प्रकाशित कराया जाय और इसकी प्रति महालेखाकार, झारखण्ड, राँची/सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

1/6/18

(के0 के0 खण्डेलवाल)

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–14/स्थानीयता नीति–14–04/2018 का॰– 3854/रांची, दिनांक 1.6.18

प्रतिलिपि :– नोडल पदाधिकारी, ई–गजट, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

1/6/18

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–14/स्थानीयता नीति–14–04/2018 का॰– 3854/रांची, दिनांक 1.6.18

प्रतिलिपि :– महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, राँची/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/राज्य के सभी लोक उपक्रमों/निगमों/निकायों/परिषदों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/विद्यालयों को इस निर्णय से अवगत कराने की कृपा की जाय।

1/6/18

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–14/स्थानीयता नीति–14–04/2018 का॰– 3854/रांची, दिनांक 1.6.18

प्रतिलिपि :– सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग/सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1/6/18

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

9561
11.11.16

झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

संकल्प

विषयः— झारखण्ड के स्थानीय निवासियों को नियोजन में प्राथमिकता।

कार्मिक, प्र0सु0 तथा राजभाषा विभाग अधिसूचना सं0 3389 दिनांक— 22.09.2001 के क्रम में निर्गत संकल्प संख्या— 4536 दिनांक—08.08.2002 द्वारा राज्य सरकार की ओर से यह निर्णय लिया गया था कि जिला स्तरीय वर्ग—3 एवं वर्ग—4 (समूह 'ग' एवं 'घ') के पदों पर जिला के स्थानीय व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके नियोक्ता जिला स्तरीय पदाधिकारी होंगे। उन पदों के लिए जिलावार रिक्तियां विज्ञापित होगी। यह व्यवस्था प्रमण्डल स्तरीय वर्ग—3 एवं वर्ग—4 के पदों के लिए भी थी अर्थात् प्रमण्डल स्तरीय उक्त पदों पर भी स्थानीय को प्राथमिकता दी जानी थी जिसके नियोक्ता राज्य स्तरीय पदाधिकारी यथा विभागीय सचिव/ विभागाध्यक्ष हों। झारखण्ड राज्य के सभी जिलों के 'स्थानीय व्यक्तियों' को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जानी थी, परन्तु यह व्यवस्था वर्ग—3 के वैसे पदों की नियुक्तियों में थी जिसका चयन लोक सेवा आयोग के माध्यम से नहीं किया जाना हो।

इसके साथ ही, उक्त संकल्प में प्राथमिकता का तात्पर्य यह था, कि "अन्य सभी मामलों में समानता (All Things being equal)" होने पर 'स्थानीय व्यक्तियों' को ही नियुक्त किया जायेगा।

2. माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा वाद संख्या WP(PIL) 4050/2002 के साथ—साथ WP(PIL) 3912/2002 प्रशांत विद्यार्थी एवं सुमन कुमार सिंह बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य के मामलों में दिनांक—27.11.2002 को पारित आदेश के बाद राज्य सरकार द्वारा नये सिरे से विचार कर संकल्प संख्या—3198 दिनांक—18.04.2016 द्वारा "झारखण्ड के स्थानीय निवासी" की परिभाषा एवं पहचान की नीति घोषित की गयी है।

जिला/प्रमण्डल राज्य स्तरीय समूह 'ग' एवं 'घ' के पदों पर नियुक्ति में क्रमशः जिला, प्रमण्डल एवं राज्य के स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दिये जाने का मामला राज्य सरकार के समक्ष विचाराधीन था। माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा वाद संख्या WP(PIL) 4050/2002 के साथ—साथ WP(PIL) 3912/2002 प्रशांत विद्यार्थी एवं सुमन कुमार सिंह बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य के मामलों में दिनांक—27.11.2002 को आदेश पारित करते समय की गयी समीक्षा निम्नवत है :—

"We are saying so, because the impugned Notifications clearly mention that if "<u>all other things are equal</u>", preference will be given to local residents. In other words, if

such 'local residents' and non-local residents compete for a job, be it against a Class III post or a Class IV post and if the non-local resident secures a better merit than the local resident, undoubtedly the non-local would be appointed, but if by fixing objective and fair criteria in the selection process, the local resident and the non-local resident are both found equally placed, having equal merit, then naturally the local resident would be given preference. We find nothing illegal, unconstitutional or wrong in such approach of the State."

3. उल्लेख करना है कि विभागीय अधिसूचना संख्या–5938, दिनांक– 14.07.2016 के अनुसार अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से अगले दस वर्षों के लिए राज्य के 24 जिलों में से 13 अनुसूचित जिलों में जिला स्तरीय वर्ग–3 एवं वर्ग–4 के रिक्त पदों पर सम्बद्ध जिले के मात्र स्थानीय निवासी ही नियोजन के पात्र माने गये हैं। इन जिलों में दूसरे जिले/अन्य राज्य से व्यक्तियों की नियुक्ति संभव नहीं है।

यह भी उल्लेखनीय है कि परिपत्र सं0–5448 दिनांक–12.09.2011 के अनुसार किसी व्यक्ति को इस राज्य में आरक्षण की सुविधा तभी प्राप्त होगी, जब वह व्यक्ति इस राज्य का अधिवासी (Domiciled) हो और उसकी जाति झारखण्ड राज्य की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (I) एवं पिछड़ा वर्ग–(II) के रूप में वर्गीकृत हो।

4. गैर अनुसूचित जिलों, प्रमण्डल स्तरीय पदों एवं राज्य स्तरीय पदों की रिक्तियों को भरने के लिए, जहां भर्ती के लिए आवेदन के निमित्त निवास स्थान विषयक कोई बन्धेज नहीं है, के मामले में यह निर्णय अपेक्षित था कि "अन्य सभी मामलों में समानता (All Things being equal)" होने पर झारखण्ड के स्थानीय निवासियों को नियोजन में प्राथमिकता होगी।

5. उपर्युक्त स्थिति में राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि "अन्य सभी मामलों में समानता (All Things being equal)" होने पर निम्न स्थितियों में झारखण्ड के स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी :–

(i) जिला स्तरीय समूह 'ग' एवं 'घ' के पद, जिनके नियोक्ता जिला स्तरीय पदाधिकारी हैं, के पदों पर भर्ती के निमित्त "सम्बद्ध जिला के स्थानीय निवासी" चयन के पात्र होंगे।

(ii) प्रमण्डल स्तरीय समूह 'ग' एवं 'घ' के पद जिनके नियोक्ता प्रमण्डल स्तरीय पदाधिकारी हैं, के पदों पर भर्ती के निमित्त "सम्बद्ध प्रमण्डल के स्थानीय निवासी" चयन के पात्र होंगे।

(iii) राज्य स्तरीय समूह 'ग' के वैसे पद जिनके लिए झारखण्ड लोक सेवा आयोग की अनुशंसा अपेक्षित नहीं हो और समूह 'घ' के पद जिनके नियोक्ता राज्य स्तरीय पदाधिकारी यथा विभागीय प्रधान सचिव/सचिव/विभागाध्यक्ष इत्यादि हों, के पदों पर नियुक्ति के लिए "झारखण्ड के स्थानीग नियासी" चयन के पात्र होंगे।

6. इस संकल्प के निर्गत होने की तिथि से पूर्व की अधिसूचना संख्या–3389 दिनांक– 22.09.2001, संकल्प संख्या– 4536 दिनांक– 08.08.2002 एवं 4737 दिनांक– 19.08.2002 अवक्रमित समझे जाएँगे ।

आदेश :– आदेश है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इसे राजकीय गजट में प्रकाशित किया जाय और उसकी प्रति महालेखाकार, झारखण्ड, राँची/महानिबंधक, उच्च न्यायालय, झारखण्ड/सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष, झारखण्ड/सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची /सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची /सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा जाए।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

(निधि खरे) 11/XI/16

9567

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञाप संख्या–14/स्थानीयता नीति–14–04/2016 का0–............/ राँची, दिनांक 11.11.16

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, ई–गजट, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को ई–गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित ।

11/XI/16

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञाप संख्या–14/स्थानीयता नीति–14–04/2016 का0–9567/ राँची, दिनांक 11/11/16

प्रतिलिपि– राज्यपाल सचिवालय/मुख्यमंत्री सचिवालय/सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय /सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/XI/16

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञाप संख्या–14/स्थानीयता नीति–14–04/2016 का0–9567/ राँची, दिनांक 11/11/16

प्रतिलिपि– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/XI/16

सरकार के प्रधान सचिव।

झारखण्ड सरकार
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

आदेश

रॉंची दिनांक 14/07/2016

सं0 14/स्थानीयता नीति–14–01/2015/ 5939 चूंकि, भारत संविधान की 5वीं अनुसूची की कंडिका– 5 की उप कंडिका– 1 के अधीन राज्यपाल, लोक अधिसूचना द्वारा निदेश दे सकता है कि संसद का या उस राज्य के विधानमंडल का कोई विशिष्ट अधिनियम उस राज्य के अनुसूचित क्षेत्र या उसके किसी भाग पर लागू नहीं होगा अथवा उस राज्य के अनुसूचित क्षेत्र या उसके किसी भाग को ऐसे अपवादों और उपान्तरणों के अधीन लागू रहते हुए लागू होगा जो वह अधिसूचना में विनिर्दिष्ट करें;

और चूंकि, विषम भूपृष्ठीय बनावट, जल संसाधन की कमी, वनोच्छादन का ह्रास और अनियंत्रित त्वरित औद्योगिकीकरण के कारण राज्य में अनुसूचित क्षेत्रों का सामाजिक संकेतांक औसत से कम है और राज्य में अनुसूचित क्षेत्र की पहचान न्यून मानव विकास सूचकांक, पिछड़ापन, पृथकता एवं गरीबी द्वारा होती है;

और चूंकि, उपर्युक्त चिह्नित कारकों की पहचान करते हुए झारखण्ड जनजातीय परामर्शदातृ परिषद् द्वारा जिला स्तर के वर्ग– 3 एवं वर्ग– 4 के पदों पर नियुक्ति हेतु राज्य के 13 जिलों– साहेबगंज, पाकुड़, दुमका, जामताड़ा, लातेहार, रॉंची, खूँटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावाँ में जिला स्तर के वर्ग– 3 एवं वर्ग– 4 के शत प्रतिशत पदों पर संबंधित जिले के स्थानीय निवासियों की नियुक्ति हेतु 10 वर्षों की अवधि के लिए विभिन्न नियुक्ति नियमावलियों में वर्णित अहर्त्ता की शर्तों के स्थगन के लिए अधिसूचना जारी करने की अनुशंसा की गयी है;

और चूंकि, झारखण्ड राज्यपाल अनुसूचित क्षेत्रों के स्थानीय निवासियों के पक्ष में नियोजन का अतिरिक्त अवसर प्रदान कर वहाँ के लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना चाहते हैं;

निम्नलिखित अधिसूचना राजपत्र के प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगी :–

झारखंड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

अधिसूचना

सं0 14/स्थानीयता नीति–14–01/2015/5938 भारत के संविधान की पाँचवीं अनुसूची के पैरा–5 के उप–पैरा–(1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, झारखण्ड के राज्यपाल, एतद् द्वारा निदेर्शित करते हैं कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के अंतर्गत राज्य सरकार के द्वारा बनाये गये जिला स्तर के भर्ती नियमावलियों, (संलग्न सूची के अनुसार), जिसे समय–समय पर राज्य सरकार पुनरीक्षित कर सकेगी, में नियुक्ति के लिए पात्रता संबंधी प्रावधान, इस हद तक इसके पश्चात्, यथाविनिर्दिष्ट सीमा तक उपान्तरित तथा लागू समझे जायेंगे, अर्थात :–

"इन नियमों में अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य अधिनियम, आदेश, निर्देश, नियम अथवा विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, राज्य के 13 जिलों– साहेबगंज, पाकुड़, दुमका, जामताड़ा, लातेहार, राँची, खूँटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावाँ के मात्र स्थानीय निवासी ही, इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से 10 वर्षों की कालावधि के लिए संबंधी जिलों के विभिन्न विभागों में जिला संवर्ग के तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों में उद्‌भुत रिक्तियों पर भर्ती हेतु पात्र होंगे।

झारखण्ड के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

14/7/16
(निधि खरे)
सरकार के प्रधान सचिव।

राँची, दिनांक 14 जुलाई, 2016

सं0 14/स्थानीयता नीति–14–01/2015 भारत संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग के अधिसूचना सं0 5938 दिनांक 14.07.2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

झारखण्ड के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(दिवाकर प्रसाद सिंह)
सरकार के उप सचिव।

Government of Jharkhand
Deptt. of Personnel, Administrative Reforms & Rajbhasha

Order

No. ......5939.. Ranchi, Dated......14/07/2016.../ Whereas, under sub-paragraph (1) of paragraph 5 of the Fifth Schedule to the Constitution of India, the Governor may, be public notification direct that any particular Act of Parliament or of the Legislature of the State shall not apply to a Schedule Area or any part thereof in the State subject to such exceptions and modifications as specified in the notification.

And whereas, the Scheduled Area in the State are characterized by low Human Development Indices, backwardness, remoteness poverty and whereas the social indicators of the Scheduled Areas are on an average, inferior to the average of social indicators in the State due to uneven topography, lack of water resources, loss in canopy coverage of forest and uncontrolled rapid industrialization;

And whereas, recognizing the factors identified above, the Tribal Advisory Council of Jharkhand has recommended issuing of a notification by the Governor for suspension of eligibility conditions as enshrined in various appointment rules for the appointment of class 3 and class 4 posts at district level for a period of 10 years in the 13 districts namely - Sahebganj, Pakur, Dumka, Jamtara, Latehar, Ranchi, Khunti, Gumla, Lohardagga, Simdega, East Singhbhum, West Singhbhum and Sraikela-Kharsawan for appointment of cent-percent District level class-3 and class-4 posts by the local residents of the district concerned;

And whereas, the Governor of Jharkhand in order to improve the quality of people in the Scheduled Areas, by providing additional opportunities of employment, in favour of the local residents of Scheduled Areas;

The following notification shall come into effect from the date of its publications in the official Gazette:-

Government of Jharkhand
Department of Personnel, Administrative Reforms and Rajbhasha

Notification

Ranchi, Dated 14.07.2016

सं0 14/स्थानीयता नीति–14–01/2015/5938 In exercise of powers conferred by the provisions by sub-paragraph (1) of paragraph 5 of the Fifth Schedule to the Constitution of India, the Governor of Jharkhand, hereby, directs that the provisions regarding "eligibility of the appointment" mentioned in the various appointment rules as per list enclosed, Government may ammend from time to time, framed by the State Government under article 309 of the Constitution for the appointment to the district cadre posts, shall be deemed to the modified and enforced up to the extent as specified, hereinafter, namely :-

"Notwithstanding anything contained in these rules or any other Act, Order, Direction, Rules or Law for the time being in force, only local residents of the districts namely - Sahebganj, Pakur, Dumka, Jamtara, Latehar, Ranchi, Khunti, Gumla, Lohardagga, Simdega, East Singhbhum, West Singhbhum and Sraikela-Kharsawan, shall be eligible for recruitment to the vacancies arising in class-3 and class-4 posts of the district cadre in various department of the concern districts, for a period of 10 years from the date of issue of this notification"

By order and in the name of the
Governor of Jharkhand

14/7/16
(Nidhi Khare)
Principal Secretary to the
Government

जिला स्तरीय पदों पर भर्ती हेतु नियुमावलियों की सूची

क्रमांक	विभाग का नाम	पदनाम	अधिसूचना सं0/तिथि
1.	कार्मिक,प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग	वाहन चालक	742/15.02.2007
2.	कार्मिक,प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग	लिपिक(क्षेत्रिय कार्यालय)	1749/27.03.2010
3.	पंचायती राज एवं एन0आर0ई0पी (विशेष प्रमंडल) विभाग	पंचायत सचिव	1963/02.07.2015
4.	कृषि एवं गन्ना विकास विभाग	जन सेवक	1411/25.05.2011
5.	वन एवं पर्यावरण विभाग	राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी	4068/04.09.2014
6.	मानव संसाधन विकास विभाग	+2 विधालय शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी	2425/04.09.2012
7.	मानव संसाधन विकास विभाग	प्रारंभिक विधालय शिक्षक/अनुदेशक	1632/05.09.2012
8.	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग	माध्यमिक शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मचारी	434/01.03.2016
9.	राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग	अमीन	3683/25.11.2013
10.	राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग	कनीय राजस्व सेवा संवर्ग	549/24.02.2012
11.	स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग	नर्सिंग संवर्ग	109/20.07.2012
12.	गृह विभाग	आरक्षी	6992/20.10.2014

पत्र संख्या–14/स्थानीयता नीति–14–03/2016 का0.....4650...../
झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

निधि खरे,
सरकार के प्रधान सचिव।

सेवा में,

सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/सभी अंचलाधिकारी
सभी अनुमण्डल पदाधिकारी/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त
सभी उपायुक्त,
झारखण्ड।

राँची, दिनांक– 02-जून, 2016

विषयः– झारखण्ड का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक इस विभाग के संकल्प संख्या–3198, दिनांक–18.04.2016 के द्वारा झारखण्ड के स्थानीय निवासी की परिभाषा एवं पहचान निर्धारित की जा चुकी है। झारखण्ड का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में अनुदेश निम्नवत् हैः–

(i) झारखण्ड का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र संलग्न विहित अनुलग्नक–1 प्रपत्र में केवल उसी व्यक्ति को जारी किया जायेगा जो उक्त संकल्प की कंडिका–2 की छः विभिन्न उप कंडिकाओं में से किसी एक कंडिका में उल्लिखित शर्त पूरी करता हो।

(ii) जहाँ झारखण्ड राज्य में निवास करने की प्रतिबद्धता रखने का प्रतिज्ञान करना आवश्यक हो वहाँ प्रमाण पत्र निर्गत करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि संबंधित व्यक्ति द्वारा झारखण्ड राज्य में निवास करने की प्रतिबद्धता रखने का प्रतिज्ञान उपलब्ध कराया गया हो। अनुलग्नक–2 (प्रतिज्ञान का प्रपत्र संलग्न है)

(iii) यह प्रमाण पत्र अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से जारी होगा जो किसी व्यक्ति के लिए जीवनकाल तक सभी कार्यों के लिए मान्य होगा।

(iv) यह प्रमाण पत्र पूर्व की भांति प्रज्ञा केन्द्रों द्वारा भी निर्गत किया जा सकता है। डिजिटल रूप में निर्गत प्रमाण पत्र इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म के साथ–साथ उसकी हार्ड कापी प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले कार्यालय में संरक्षित की जायेगी।

(v) प्रमाण पत्र अनुदेश के जारी होने की तिथि से यथा विहित प्रपत्र में जारी की जायेगी।

कृ0पृ0उ0–

–2–

(vi) झारखण्ड का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जारी करने सम्बन्धी अनुदेश प्रभावी होने की तिथि से कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग का संकल्प संख्या–2691, दिनांक–29.04.2002 एवं पत्र संख्या–4156, दिनांक–17.07.2002 पत्र निर्गत होने की तिथि से अवक्रमित समझे जायेंगे।

झारखण्ड की स्थानीय नीति हेतु संकल्प संख्या–3198, दिनांक–18.04. 2016 झारखण्ड के स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र का प्रपत्र, दावे के समर्थन में घोषणा में प्रतिज्ञान का प्रपत्र, आवेदक की दावे की जाँच प्रतिवेदन हेतु चेक लिस्ट एवं झारखण्ड के स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र का मानक प्रपत्र की प्रति नियमानुसार कार्रवाई हेतु संलग्न है।

विश्वासभाजन,
2/6/16
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–14/स्थानीयता नीति–14–03/2016 का0 4650/राँची, दिनांक–02 जून, 2016

प्रतिलिपिः– सभी विभागाध्यक्ष/सभी विभागीय प्रधान सचिव/सचिव को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2/6/16
सरकार के प्रधान सचिव।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–3198 दिनांक 18.04.2016 के अन्तर्गत "झारखण्ड को स्थानीय निवासी" प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र का प्रपत्र

(यह दो प्रतियों में आवेदक स्वहस्तलिपि में प्रस्तुत करेंगे)

1. आवेदक का नाम तथा आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो) :
2. आवेदक के पिता/पति/माता का नाम :
3. आवेदक का स्थायी पता (स्थायी पता के प्रमाण में बिजली का बिल/टेलीफोन का बिल/एल.आई.सी./मतदाता पहचान पत्र, इनमें से कोई एक ही स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करें) :
4. झारखण्ड राज्य के स्थानीय नागरिक होने का आधार (संकल्प की कंडिका–2 की जिस उप कंडिका के आधार पर आवेदक दावा प्रस्तुत कर रहा है, उस कंडिका का उल्लेख करें) :
5. उपर्युक्त कंडिका–4 के दावे के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले अभिलेख का विवरण :
6. आवेदक का दूरभाष संख्या/मोबाईल संख्या/ई– मेल पता (यदि उपलब्ध हो, अन्यथा लागू नहीं अंकित करें) :

(आवेदक का हस्ताक्षर)

(नाम ....)

तिथि ....

पूर्व पृष्ठ पर अपने दावे के समर्थन में आवेदक की घोषणा

जो सही हो उसे सही (√) अंकित करें :–

1.	क्या आपके माता/पिता को झारखण्ड के स्थानीय निवासी का प्रमाण पत्र प्राप्त है?	:	हाँ/नहीं
2.	क्या आपके माता/पिता/पूर्वजों का नाम खतियान में दर्ज है?	:	हाँ/नहीं
3.	क्या आपके माता/पिता भूमिहीन हैं?	:	हाँ/नहीं
4.	क्या आप झारखण्ड में प्रचलित भाषा, संस्कृति, परम्परा से अवगत हैं?	:	हाँ/नहीं
5.	क्या आप स्वयं अथवा आपके माता/पिता राज्य सरकार के कर्मी हैं?	:	हाँ/नहीं
6.	क्या आप स्वयं अथवा आपके माता/पिता भारत सरकार के कर्मी हैं तथा वे झारखण्ड राज्य में पदस्थापित हैं?	:	हाँ/नहीं
7.	क्या आप स्वयं अथवा आपके माता/पिता झारखण्ड राज्य में किसी संवैधानिक/विधिक (Statutory) पद पर आसीन हैं?	:	हाँ/नहीं
8.	क्या आपका जन्म झारखण्ड राज्य क्षेत्र में हुआ है?	:	हाँ/नहीं
9.	क्या आपने अपनी मैट्रिकुलेशन अथवा समकक्ष स्तर की पूरी शिक्षा झारखण्ड स्थित किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से प्राप्त की है?	:	हाँ/नहीं
10	क्या आप स्वयं अथवा आपके माता/पिता विगत 30 वर्षों से झारखण्ड राज्य में निवास करते हैं और अचल सम्पत्ति अर्जित की है?	:	हाँ/नहीं

मैं एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त सूचना मेरी जानकारी में सत्य है। सूचनाओं के असत्य पाये जाने पर मेरे विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

स्थल :
दिनांक :

घोषणाकर्ता का हस्ताक्षर :
आधार संख्या (वैकल्पिक) :

झारखण्ड का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र हेतु प्रतिज्ञान का प्रपत्र

मैं श्री/श्रीमती/सुश्री .... पिता/पति श्री .... पता–ग्राम/वार्ड/शहर .... पो0 .... थाना .... जिला .... का निवासी हूँ और में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा निर्गत संकल्प संख्या–3198, दिनांक 18.04.2016 की कंडिका–2 की उप कंडिका .... में उल्लिखित शर्तों के आधार पर झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी की शर्त पूरी करता हूँ। (समर्थन में दस्तावेज की स्व सत्यापित हस्ताक्षरयुक्त की छाया प्रति संलग्न)

2. मैं एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मैं किसी अन्य राज्य/केन्द्रशासित क्षेत्र का स्थानीय निवासी नहीं हूँ और झारखण्ड राज्य में रहने के लिए प्रतिबद्ध होने का प्रतिज्ञान करता हूँ।

3. मैं यह भी प्रतिज्ञान घोषित करता/करती हूँ कि राज्य सरकार (सक्षम प्राधिकार) प्रतिज्ञान में अंकित तथ्य की जाँच में असत्य पाये जाने पर मेरे विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने के लिए सक्षम होगी।

प्रतिज्ञान घोषित करने वाले का हस्ताक्षर एवं नाम (स्पष्ट अक्षरों में)
आधार संख्या (स्वैच्छिक)

आवेदक के दावों की जाँच प्रतिवेदन (कार्यालय प्रयोग हेतु)

चेक लिस्ट

(जो लागू नहीं है उसे काट दें)

1.	आवेदक या उनके माता/पिता/पूर्वज राज्य के खतियानी रैयत है।	:	हाँ/नहीं
2.	आवेदक या उनके माता/पिता/ पूर्वज भूमिहीन है।	:	हाँ/नहीं
3	आवेदक झारखण्ड के भाषा–संस्कृति परम्परा से अवगत है।	:	हाँ/नहीं
4	आवेदक स्वयं अथवा उसके माता/पिता राज्य के सरकारी सेवक हैं।	:	हाँ/नहीं
5.	आवेदक स्वयं अथवा उसके माता/पिता भारत सरकार के सेवक हैं और वे झारखण्ड राज्य में पदस्थापित हैं।	:	हाँ/नहीं
6.	आवेदक स्वयं अथवा उसके माता/पिता राज्य में किसी संवैधानिक पद पर आसीन हैं।	:	हाँ/नहीं
7.	आवेदक का जन्म झारखण्ड राज्य में हुआ है और उसने अपनी मैट्रिकुलेशन अथवा समकक्ष स्तर की पूरी शिक्षा झारखण्ड स्थित किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से प्राप्त की है।	:	हाँ/नहीं
8.	आवेदक के स्वयं अथवा उसके माता/पिता झारखण्ड राज्य में विगत 30 वर्षों से रह रहे हैं और अचल सम्पत्ति अर्जित की है।	:	हाँ/नहीं
9.	समर्थन में आवेदक द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य की जाँच पड़ताल कर ली गई है और उसे सही पाया है	:	हाँ/नहीं
10.	आवेदन स्वीकृत किया जा सकता है।	:	हाँ/नहीं

जाँचकर्ता का हस्ताक्षर
नाम ....
पदनाम ....

प्रतिहस्ताक्षरित
अंचलाधिकारी

स्वीकृत/अस्वीकृत

अनुमण्डल पदाधिकारी

मानक प्रपत्र का प्रारूप

झारखण्ड का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र

प्रमाण पत्र संख्या :–

दिनांक :–

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री .... पिता/पति श्री .... पता–ग्राम/वार्ड/शहर .... पो0.. थाना .... जिला .... के स्थानीय निवासी हैं और यह प्रमाण पत्र कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या–3198 दिनांक 18.04.201 की कंडिका –.............................. में उल्लिखित प्रावधानों के आलोक में निर्गत किया गया है। प्रमाण पत्र धारक की ओर से झारखण्ड के अतिरिक्त किसी अन्य राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश के स्थानीय निवासी नहीं होने का प्रतिज्ञान की प्रतिबद्धता की गई है।

स्थान :–

दिनांक :–

कार्यालय का मुहर

प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले
पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम

झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

3198
18-04-2016

संकल्प

विषय : **"झारखंड के स्थानीय निवासी" की परिभाषा एवं पहचान।**

स्थानीय व्यक्ति के सम्बन्ध में राज्य सरकार की नीति को माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय में दायर दो जनहित याचिकाओं डब्लू0पी0(पी0आई0एल0) 4056/2002 एवं 3912/2002 में माननीय मुख्य न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यीय खंड पीठ द्वारा सुनवाई के बाद दिनांक 27.11.2002 को निरस्त कर दिया गया और "स्थानीय व्यक्ति" को पुनः परिभाषित करने तथा स्थानीय व्यक्ति की पहचान के लिए दिशा निदेश गठित करने के मामले में सरकार से निर्णय लेने की अपेक्षा की गई।

2. राज्य सरकार द्वारा स्थानीय व्यक्ति की परिभाषा एवं पहचान के मामले में विभिन्न राजनीतिक दलों, बुद्धिजीवियों, सामजिक संगठनों से गहन विचार विमर्श के पश्चात् सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि झारखंड का स्थानीय निवासी वैसे भारतीय नागरिक को माना जाएगा जो निम्नलिखित में से किसी एक कंडिका में उल्लिखित शर्त पूरी करता हो, :-

(i) झारखंड राज्य की भौगोलिक सीमा में निवास करता हो एवं स्वयं अथवा पूर्वज के नाम गत सर्वे खतियान में दर्ज हो। भूमिहीन के मामले में उसकी पहचान संबंधित ग्राम सभा द्वारा की जाएगी, जो झारखंड में प्रचलित भाषा, संस्कृति एवं परम्परा पर आधारित होगी।

(ii) किसी व्यापार, नियोजन एवं अन्य कारणों से झारखंड राज्य की भौगोलिक सीमा में विगत 30 वर्ष या अधिक अवधि से निवास करता हो एवं अचल सम्पत्ति अर्जित की हो या ऐसे व्यक्ति की पत्नी/पति/संतान हो एवं झारखंड में निवास करने की प्रतिबद्धता रखने का प्रतिज्ञान करता हो।

(iii) झारखंड राज्य सरकार/राज्य सरकार द्वारा संचालित/ मान्यता प्राप्त संस्थानों, निगम आदि में नियुक्त एवं कार्यरत पदाधिकारी/ कर्मचारी या उनकी पत्नी/ पति/ संतान हो एवं झारखंड राज्य में निवास करने की प्रतिबद्धता रखने का प्रतिज्ञान करता हो।

(iv) भारत सरकार का पदाधिकारी/ कर्मचारी जो झारखंड राज्य में कार्यरत हो या उनकी पत्नी/ पति/ संतान हो एवं झारखंड राज्य में निवास करने की प्रतिबद्धता रखने का प्रतिज्ञान करता हो।

(v) झारखंड राज्य में किसी संवैधानिक या विधिक (statutory) पदों पर नियुक्त व्यक्ति या उनकी पत्नी/ पति/ संतान हो एवं झारखंड राज्य में निवास करने की प्रतिबद्धता रखने का प्रतिज्ञान करता हो।

(vi) ऐसा व्यक्ति जिसका जन्म झारखंड राज्य में हुआ हो तथा जिसने अपनी मैट्रिकुलेशन अथवा समकक्ष स्तर तक की पूरी शिक्षा झारखंड स्थित मान्यता प्राप्त संस्थानों से प्राप्त की हो एवं झारखण्ड राज्य में निवास करने की प्रतिबद्धता रखने का प्रतिज्ञान करता हो।

आदेश : आदेश है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इसे राजकीय गजट में प्रकाशित कराया जाय और इसकी प्रति महालेखाकार, झारखण्ड, रांची/सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

18.4.16.

(निधि खरे)

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–7/आ0 नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) का॰– 3198 /राँची, दिनांक 18-04-2016

प्रतिलिपि–अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरण्डा, रांची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि गजट की 200 प्रतियाँ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची को भेजे।

18.4.16.

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–7/आ0 नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) का॰– 3198 /राँची, दिनांक 18-04-2016

प्रतिलिपि–महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, रांची/सरकार के सभी प्रधान सचिव/सरकार के सभी सचिव/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी मंत्रीगण के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.4.16.

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–7/आ0 नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) का॰– 3198 /राँची, दिनांक 18-04-2016

प्रतिलिपि–महालेखाकार, झारखण्ड, रांची/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.4.16.

सरकार के प्रधान सचिव।

झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

संकल्प 622 21/1/2014

विषय : 'स्थानीय व्यक्ति' को परिभाषित करने के सम्बन्ध में।

झारखण्ड राज्य में स्थानीय व्यक्ति को परिभाषित करने के लिये श्रम नियोजन विभाग, तत्कालीन बिहार सरकार के परिपत्र संख्या–806, दिनांक 03.03.1982 को अधिसूचना संख्या–3389, दिनांक 22.09.2001 द्वारा संशोधन के साथ अंगीकृत किया गया जिसके अनुसार जिला विशेष के संदर्भ में वैसे व्यक्ति स्थानीय व्यक्ति माने जायेंगे जिनका स्वयं का अथवा जिनके पूर्वजों के नाम जमीन, वासगीत आदि पिछले सर्वे रिकार्ड ऑफ राईट्स में दर्ज हों।

2. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या–4536, दिनांक 08.08.2002 तथा 4737, दिनांक 19.08.2002 के द्वारा स्थानीय व्यक्ति को परिभाषित किया गया, किन्तु माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय में दायर दो जनहित याचिकाएँ डब्लू0पी0(पी0आई0एल0) 4056/2002 एवं 3912/2002 की सुनवाई के बाद दिनांक 27.11.2002 को माननीय मुख्य न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यीय खंड पीठ द्वारा संकल्प संख्या–4737, दिनांक 19.08.2002 को निरस्त कर दिया गया, साथ ही "स्थानीय व्यक्ति" को पुनः परिभाषित करने तथा स्थानीय व्यक्ति की पहचान के लिए दिशा निदेश निर्धारित करने को राज्य सरकार को स्वतंत्र किया गया।

3. उक्त न्याय निर्णय की कंडिका–57 निम्नरूप से उद्धृत है :–

"However, it is open to the State of Jharkhand to redefine the 'local persons' and to re-prescribe the guidelines for determination of 'local persons' taking into account the relevant history of the State, such as, reorganization as taken from time to time; emigration of persons; as taken place during the last fifty years, settlement of refugees etc., as discussed above."

4. इस संदर्भ में विभागीय संकल्प संख्या–7132, दिनांक 30.12.2002 द्वारा एक समिति गठित की गई थी और उसे संकल्प संख्या–3928, दिनांक 27.06.2008 द्वारा पुर्नगठित किया गया। पुनः "स्थानीय व्यक्ति" को परिभाषित करने हेतु संकल्प संख्या–1885 दिनांक 09.04.2011 द्वारा गठित उप समिति से प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हो सका।

5. माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के उपर्युक्त सुझाव के आलोक में सम्यक् विचारोपरान्त राज्य सरकार द्वारा 'स्थानीय व्यक्ति' को परिभाषित करने तथा स्थानीय व्यक्ति के पहचान के मानदण्ड सम्बन्धी दिशा–निदेश गठित करने के सम्बन्ध में एक समिति गठित की जाती है।

इस समिति में निम्नलिखित महानुभाव सदस्य होंगे :–

(i) श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, वित्त मंत्री (संयोजक)
(ii) श्री चम्पई सोरेन, परिवहन मंत्री
(iii) श्रीमती गीताश्री उराँव, मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग
(iv) श्री सुरेश पासवान, मंत्री, नगर विकास विभाग
(v) श्री बंधु तिर्की, स0वि0स0
(vi) श्री लोबिन हेम्ब्रम, स0वि0स0
(vii) मो0 सरफराज अहमद, स0वि0स0
(viii) श्री विद्युत वरण महतो, स0वि0स0
(ix) श्री संजय सिंह यादव, स0वि0स0

यह समिति विचार कर अपना प्रतिवेदन राज्य सरकार को समर्पित करेगी।

6. उक्त समिति को सचिवालीय सहायता, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।

7. यह संकल्प, संकल्प संख्या–11975 दिनांक 12.12.2013 का स्थान लेगी और यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

आदेश : आदेश है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इसे राजकीय गजट में प्रकाशित कराया जाय और इसकी प्रति महालेखाकार, झारखण्ड, रांची/सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

(एस0के0 शतपथी)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–7/आ0 नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) का.– 622 /राँची, दिनांक 21/1/2014

प्रतिलिपि–अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरण्डा, रांची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि गजट की 200 प्रतियाँ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची को भेजे।

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–7/आ0 नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) का.– 622 /राँची, दिनांक 21/1/2014

प्रतिलिपि–सभी माननीय सदस्यगण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–7/आ0 नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) का0– 621 /राँची, दिनांक 21/1/2014

प्रतिलिपि–महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, रांची/सरकार के सभी प्रधान सचिव/सरकार के सभी सचिव/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी मंत्रीगण के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 21/1/14

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–7/आ0 नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) का0– 622 /राँची, दिनांक 21/1/2014

प्रतिलिपि–महालेखाकार, झारखण्ड, रांची/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 21/1/14

सरकार के प्रधान सचिव।

झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

संकल्प

विषय : 'स्थानीय व्यक्ति' को परिभाषित करने के संबंध में।

झारखण्ड राज्य में स्थानीय व्यक्ति को परिभाषित करने के लिये श्रम नियोजन विभाग, तत्कालीन बिहार सरकार के परिपत्र संख्या–806, दिनांक 03.03.1982 को अधिसूचना संख्या–3389, दिनांक 22.09.2001 द्वारा संशोधन के साथ अंगीकृत किया गया जिसके अनुसार जिला विशेष के संदर्भ में वैसे व्यक्ति स्थानीय व्यक्ति माने जायेंगे जिनका स्वयं का अथवा जिनके पूर्वजों के नाम जमीन, वासगीत आदि पिछले सर्वे रिकार्ड ऑफ राईट्स में दर्ज हो।

2. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या–4536, दिनांक 08.08.2002 तथा 4737, दिनांक 19.08.2002 के द्वारा स्थानीय व्यक्ति को परिभाषित किया गया, किन्तु माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय में दायर दो जनहित याचिकाएँ डब्लू0पी0(पी0आई0एल0) 4056/2002 एवं 3912/2002 की सुनवाई के बाद दिनांक 27.11.2002 को माननीय मुख्य न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यीय खंड पीठ द्वारा संकल्प संख्या–4737, दिनांक 19.08.2002 को निरस्त कर दिया गया, साथ ही "स्थानीय व्यक्ति" को पुनः परिभाषित करने तथा स्थानीय व्यक्ति की पहचान के लिए दिशा निदेश निर्धारित करने को राज्य सरकार को स्वतंत्र किया गया।

3. उक्त न्याय निर्णय की कंडिका–57 निम्नरूप से उद्धृत है :–

